गुरुवार
28 सितंबर 2023

डिजिटल संस्करण
# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



सीएम ने बांका सदर अस्पताल के नए भवन का किया उद्घाटन 2



## खबरें फटाफट

### 7 राज्यों के 53 जगहों पर एनआईए का छापा कई लोग हिरासत में

**नई दिल्ली।** देश में आतंकवादी-गैंगस्टर-ड्रग तस्कर गठजोड़ को ध्वस्त करने के लिए नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी ने बुधवार को देश के 7 राज्यों में छापेमारी की। एनआईए की ओर से की गई इस छापेमारी में कई लोग हिरासत में लिए हैं। सुबह शुरू हुई इस छापेमारी में एनआईए ने 53 जगहों पर छापे मारे, जिसमें हथियार, गोला-बारूद भी बरामद किया। कनाडा में मौजूद खालिस्तान समर्थक आतंकी अर्श डल्ला, लॉरेंस बिश्नोई और सुक्खा दुनेके जैसे गैंग्स्टर्स के सिलसिले में एनआईए ने कार्रवाई की है। इनमें पंजाब, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान, उत्तराखंड और चंडीगढ़ में मारे गए छापों के दौरान पिस्तौल, गोला-बारूद आदि जब्त किया गया है।

### केजरीवाल के घर के रेनोवेशन मामले की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के रेनोवेशन मामले में सीबीआई ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। इस मामले में केंद्रीय एजेंसी ने दिल्ली सरकार से फाइल मांगी है। सीबीआई की ताजा कार्रवाई पर आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि बीजेपी चाहे जितनी जांच करा ले, पहले कुछ नहीं निकला, अब भी कुछ नहीं निकलेगा। आप ने कहा, बीजेपी ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी है।

### उज्जैन में 12 साल की बच्ची से रेप, नंगे भटकती रही मासूम

**उज्जैन।** उज्जैन में 12 साल की एक बच्ची से दरिंदगी का मामला सामने आया है। दरिंदों ने इस मासूम के अंग-अंग को नोचा। बताया जा रहा है दुष्कर्म के बाद बच्ची करीब ढाई घंटे तक उसी एरिया में नंगे भटकती रही। एक कॉलोनी से दूसरी कॉलोनी तक। करीब 8 किलोमीटर तक उसने चक्कर काटे। कई कॉलोनियों में भटकती रही लेकिन किसी ने मदद नहीं की। मामले में उज्जैन के एसपी सचिन शर्मा ने कहा कि एक एसआईटी टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# हार्ट अटैक के खतरे को करना चाहते हैं कम तो अपनाएं हेल्दी लाइफस्टाइल

## वर्ल्ड हार्ट डे

केटी न्यूज/पटना

आज के समय में हार्ट अटैक के मामले तेजी से बढ़े हैं। कब कोई चलता फिरता इंसान हार्ट अटैक से अपनी जान गंवा दे, पता भी नहीं चल पाता। अब ज्यादातर मामलों में हार्ट अटैक का शिकार हुए व्यक्ति की उम्र 40 साल से कम या इसके आस-पास देखने को मिल रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर ऐसा बदलाव क्यों हुआ है और क्यों कम उम्र में लोग इस जानलेवा बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश में 63% लोग लाइफ स्टाइल में खराबी की वजह से अपनी जान गवां रहे हैं।



सबसे ज्यादा दिल की बीमारी से 27% लोग मारे जा रहे हैं। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारियां, सांस से जुड़ी बीमारियां ये सब खराब लाइफ स्टाइल की देन हैं। खराब लाइफस्टाइल का एक कारण यह भी है कि लोग अब एक्सरसाइज पर ध्यान दे रहे। न सोने का समय तय है, न जगने का। वजन का बढ़ना, तनाव, स्मोकिंग हार्ट अटैक का कारण है।

### हर दिन कम से कम 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लें

हार्ट अटैक से बचने के लिए बिना फिजिकल एक्टिविटी वाली लाइफस्टाइल में फौरन बदलाव करें। ज्यादा से ज्यादा फिजिकली एक्टिव रहें। घंटों एक जगह बैठने से बचें। समय पर सोना-जागना और हेल्दी डाइट लेना बेहद जरूरी है। हर दिन कम से कम 7-8 घंटे की पर्याप्त नींद लें। अगर आप में दिल के दौरे के लक्षण नजर आ रहे हैं तो फौरन डॉक्टर से संपर्क करें। यदि किसी व्यक्ति को अचानक दिल का दौरा पड़ता है और उसे सांस लेने में कठिनाई होती है, तो इसके लिए कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (CPR) शुरू करें। CPR देने से व्यक्ति के बचने की संभावना बढ़ जाती है।

### भोजन में नमक, चीनी, मैदा, तेल का कम प्रयोग करें

बाहर का भोजन न करें। तला भूना न खाएं। डाइट में पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और विटामिन शामिल करें। भोजन में नमक, चीनी, मैदा, घी और तेल का कम से कम प्रयोग करें। फलों और नारियल पानी को अपनी डाइट में शामिल करें। रोजाना कम से कम आधा घंटा कोई न कोई एक्सरसाइट जरूर करें। हार्ट अटैक का कोई भी लक्षण दिखने पर इसे नजरअंदाज न करें और तुरंत अस्पताल पहुंचे। खाने में सरसों, सनफलावर और राइसब्रान तेल का प्रयोग करें। तेल को इतना न गर्म करें कि उससे धुंआ निकलने लगे। एक ही तेल को बार बार प्रयोग में न लाएं।

### रोजाना 10 मिनट की वॉक शरीर के लिए बेहद जरूरी

हेल्थ हार्वर्ड के मुताबिक अगर आप कोई व्यायाम या योग नहीं करते हैं, तो रोजाना 10 मिनट की वॉक करना शरीर के लिए बेहद जरूरी है। इससे आपका डाइजेशन सिस्टम और हार्ट हेल्दी रहता है। वहीं ब्रिस्क वॉक भी शरीर के लिए फायदेमंद होती है। इसके अलावा योगासन को दिनचर्या का हिस्सा बनाने से ब्रीदिंग संबंधी समस्याएं भी दूर होने लगती है। फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स की कमी को पूरा करने वाले मौसमी फलों को सब्जियों का सेवन करें। इससे शरीर हेल्दी और फिट रहता है। ये हमारे मांइड से लेकर गट हेल्थ के लिए फायदेमंद साबित होती है।

## वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# गोधरा हिंसा के बाद गुजरात को बदनाम करने की साजिश रची गई

- लगाए आरोप- यूपीए शासन में जो विदेशी निवेशक गुजरात समिट में हिस्सा लेने आते थे, उन्हें धमकाया जाता था
- गोधरा हिंसा के बाद कहा गया गुजरात के युवा, उद्योग, व्यापारी पलायन कर जाएंगे, गुजरात बर्बाद हो जाएगा

एजेंसी/अहमदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 20 साल होने के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, भूकंप से पहले गुजरात अकाल की समस्या से जूझ रहा था। इसके बाद भूकंप आया, इसमें हजारों लोगों की मौत हो गई। लाखों लोग इससे प्रभावित हुए। अकाल और भूकंप के दौरान बैंक कोलॉप्स हो गया। इसके चलते गुजरात आर्थिक संकट में आ गया था। उस समय में मैं पहली बार विधायक बना था। उस समय मेरे पास प्रशासन चलाने का अनुभव नहीं था। इसी दौरान गोधरा में हुई घटना के बाद गुजरात हिंसा की चपेट में आ गया। लेकिन मुझे गुजरात के लोगों पर अटूट भरोसा था। हालांकि, जो लोग एजेंडा लेकर चलते हैं, वो उस समय भी घटनाओं का अपने तरीके से एनालिसिस करने में लगे हुए थे। ये कहा गया कि गुजरात के युवा, उद्योग, व्यापारी सब पलायन कर जाएंगे, गुजरात बर्बाद हो जाएगा। दुनिया में गुजरात को बदनाम करने की साजिश रची गई। कहा गया गुजरात कभी अपने पैरों पर खड़ा नहीं हो पाएगा।

पीएम मोदी ने कहा, यूपीए शासन में जो विदेशी निवेशक गुजरात समिट में हिस्सा लेने आते थे, उन्हें धमकाया जाता था। इसके बावजूद विदेशी निवेशकों ने आकर गुजरात में निवेश किया। पीएम मोदी ने कहा, उस समय मैंने संकल्प लिया कि चाहें परिस्थितियां जैसी भी हों, गुजरात को इससे बाहर निकालकर ही रहूंगा।



### गुजरात वाइब्रेंट के आइडिया को दूसरे राज्यों ने अपनाया

पीएम मोदी ने कहा, गुजरात वाइब्रेंट के आइडिया की बात करूं तो यह ऐसा कॉन्सेप्ट था, जिसके बारे में कम लोगों ने ही सुना था। लेकिन इसकी सफलता के बाद दूसरे राज्यों ने भी अपने तरह के बिजनेस समिट का आयोजन करना शुरू कर दिया। हम उस समय कुछ बड़ा करने की सोच रहे थे, जैसा देश में कभी न हुआ हो। हमने एक देश को पार्टनर देश बनाने का फैसला किया। उस समय इस बारे में सोचना, कल्पना कीजिए क्या रहा होगा। आईडिया और इमेजिनेशन जितने भी अच्छे हों, इनके लिए बड़ी प्लानिंग हर डिटेल पर नजर और अथक परिश्रम की जरूरत होती है। मैंने पहले भी कहा है कि सेम ऑफिसर, सेम रिसॉर्सेस और सेम रेगुलेशन के साथ हमने कुछ ऐसा किया, जिसके बारे में कभी किसी ने कुछ सोचा नहीं था।

### गुजरात का विकास भी नेशनल विजन के साथ कर रहे थे

पीएम मोदी ने कहा, इस समिट की एक और पहचान नोट करने वाली है। आज ये वन टाइम इवेंट से एक इंस्टीट्यूट बन गया है। मुख्यमंत्री बदले, पुराने अधिकारी रिटायर हो गए, जो 2001 में पहली बार गुजरात आए थे, वे आज गुजरात संभाल रहे हैं, समय बदला लेकिन एक चीज नहीं बदली, हर बार गुजरात समिट नई ऊंचाई तक पहुंचता रहा। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं दूसरे राज्यों के सीएम से कहता था कि आप भी आइए, अपना स्टाल लगाइए, फायदा उठाइए। हमने स्टेट समिट का आयोजन किया। उसमें कई राज्य आते थे। इसके अलावा गुजरात में आयुर्वेद का समिट, फॉर्मर्स का समिट और कई तरह के वर्टिकल हम लगातार बनाते जाते थे। हम गुजरात का विकास भी नेशनल विजन के साथ कर रहे थे।

### ट्रेडर्स के रूप में होती थी गुजरात की पहचान

पीएम ने कहा, गुजरात की पहचान ट्रेडर्स के रूप में होती थी। एक जगह से लेते थे, दूसरे जगह देते थे, जो पैसे मिलते थे, उससे हम अपना गुजारा करते थे। लेकिन बदलाव के बाद गुजरात एग्रीकल्चर स्टेट बना और मैन्युफैक्चरिंग हब बना। पीएम मोदी ने कहा, आज भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। आप अपने आंखों के सामने देखेंगे, भारत दुनिया की टॉप थ्री अर्थव्यवस्था में होगा। ये मोदी की गारंटी है। इसलिए मैं यहां मौजूद मेहमानों से, उद्योगजगत से अपील करना चाहता हूं, आप ऐसे सेक्टर के बारे में सोचिए, जहां भारत अपनी बेहतर स्थिति बना सकता हो। हमें ये भी सोचना है कि वाइब्रेंट गुजरात इस दिशा में कैसे काम कर सकता है।

# इस्कॉन अपनी गौशाला की गायों को कसाइयों को बेचता है: मेनका

एजेंसी/नई दिल्ली

बीजेपी सांसद मेनका गांधी ने 'इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस' (इस्कॉन) पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस्कॉन को देश का 'सबसे बड़ा धोखेबाज' संगठन करार दिया। मेनका ने आरोप लगाया है कि इस्कॉन अपनी गौशालाओं की गायों को कसाइयों को बेचता है। इस्कॉन ने भी इन आरोपों का जवाब दिया है।

वीडियो में मेनका को कहते हुए सुना जा सकता है, भारत में इस समय सबसे बड़ा धोखेबाज इस्कॉन है। उन्होंने गौशालाएं स्थापित कीं, जिन्हें चलाने के लिए उन्हें सरकार की तरफ से अनगिनत फायदे मिलते हैं। उन्हें बड़ी जमीनें मिलती हैं। उन्होंने कहा, मैंने अभी उनकी अनंतपुर गौशाला का दौरा किया। वहां एक भी सूखी गाय मौजूद नहीं है। सभी डेयरी हैं। एक भी बछड़ा नहीं है। इसका मतलब है कि सभी को बेचा गया है। इस्कॉन अपनी सभी गायें कसाइयों को बेच रहा है। मेनका कहती हैं, उनका कहना है कि उनका जीवन पूरी तरह से दूध पर निर्भर है। लेकिन शायद ही किसी ने इतनी ज्यादा गायें कसाइयों को बेची हों, जितनी इन्होंने बेची हैं। अगर ये लोग कर सकते हैं तो फिर अन्य लोगों के बारे में सोचिए।

### इस्कॉन ने मेनका गांधी के बयान को बेबुनियाद कहा


इस्कॉन ने बीजेपी सांसद के बयान को बेबुनियाद और झूठा बताया इस्कॉन के प्रवक्ता युद्धिष्ठर गोविंदा दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'इस्कॉन न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर गाय और बैल की सुरक्षा और देखभाल में सबसे आगे रहा है। हमारे यहां गायों और बैलों की जीवनपर्यंत सेवा की जाती है, न कि उन्हें कसाइयों को बेचा जाता है, जैसा कि आरोपों में कहा गया है।

### मणिपुर में छह माह के लिए बढ़ाया गया अफसा कानून

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने राज्य की मौजूदा कानून व्यवस्था के मद्देनजर बुधवार को पूरे राज्य को सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफसा) के तहत छह महीने के लिए 'अशांत क्षेत्र' घोषित कर दिया। हालांकि, घाटी के 19 थानों को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है। बुधवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, मणिपुर के राज्यपाल ने 19 थाना क्षेत्रों में आने वाले इलाकों को छोड़कर, पूरे मणिपुर राज्य को छह महीने की अवधि के लिए अशांत क्षेत्र घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में अफसा कानून को एक बार फिर छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। यह एक अक्टूबर 2023 से प्रभावी होगा। जिन थाना क्षेत्रों में यह कानून लागू नहीं किया गया है, उनमें इंफाल, लाफेल, सिटी, सिंगजामेई, सेकमाई, लैमसांग, पास्टोल, वांगोई, पोरोम्पैट, हेंगांग, लामलाई, इरिबुंग, लीमाखोंग, थौबल, बिष्णुपुर, नंबोल, मोइरंग, काकचिन और जिरबाम शामिल हैं।

**राज्य में सशस्त्र बलों की जरूरत:** राज्य सरकार ने अधिसूचना में कहा कि विभिन्न चरमपंथी/विद्रोही समूहों की हिंसक गतिविधियों के कारण पूरे राज्य में सिविल एडमिनिस्ट्रेशन की मदद के लिए सशस्त्र बलों की जरूरत है। इसमें कहा गया है कि ऐसे संवेदनशील मामले पर किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले 'अशांत क्षेत्र' की स्थिति की समीक्षा करना भी उचित नहीं है।

**2 छात्रों की हत्या के बाद लिया गया फैसला:** यह फैसला संदिग्ध हथियारबंद लोगों के मैतई समुदाय के दो छात्रों के अपहरण और हत्या के बाद हुए विरोध प्रदर्शन के बाद लिया गया है।




## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में सुनीं 200 लोगों की समस्याएं, दिए निर्देश

# जनता की समस्याओं का कराएं संतुष्टिपरक समाधान

- अपराध संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का दिया निर्देश

केटी न्यूज ब्यूरो/गोरखपुर

गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आश्वस्त किया कि बिलकुल मत घबराइए, सरकार आपके साथ है। प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। उन्होंने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उनका संतुष्टिपरक समाधान कराएं। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए।

गोरखनाथ मंदिर परिसर में बुधवार सुबह जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे और समस्या सुनते हुए उनके प्रार्थना पत्र लिए। उनकी बात इत्मीनान से सुनने के बाद पास में खड़े अधिकारियों को समस्या समाधान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अलग-अलग मामलों से जुड़े समस्याओं के निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अपराध से संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।



### इलाज के लिए हर किसी को मिलेगी मदद

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले भरोसे से बहुत संबल मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जन स्वास्थ्य की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। जनता दर्शन में अपने परिजनों के साथ आये बच्चों को भी मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा। उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और चॉकलेट के साथ खूब पढ़ने, आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

### दुनिया में विकास की भावना का पोषक है भारत: योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दुनिया के अंदर विकास की भावना क्या होनी चाहिए, यह भारत ने ही दिया है। विगत नौ वर्षों से देश और दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत इसी भावना का प्रतिनिधित्व भी कर रहा है। सीएम योगी युगपुरुष ब्राह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं एवं राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित 'एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना की आधारशिला' विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को एक संकल्प दिया। उत्तर से दक्षिण तक तथा पूर्व से पश्चिम तक एक भावना से सभी को संबल प्रदान किया। देश के 120 जनपद नक्सल प्रभावित थे, पूर्वोत्तर अराजकता से भरा था। पर, पीएम मोदी ने विकास की योजनाओं से जोड़कर इन सभी क्षेत्रों को विकास की धारा में ला दिया। कश्मीर हो या कन्याकुमारी, अरूणांचल हो या द्वारिकापुरी, सभी देशवासियों को सीधे विकास की परियोजनाओं से जोड़कर एक दूसरे राज्यों से परस्पर संबंध बनाकर, भारत को समानभाव से समझने का अवसर दिया।

CMYK

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बांका को दी सौगात

# सदर अस्पताल के नए भवन का सीएम ने किया उद्‌घाटन



- मुख्यमंत्री ने जमुई के सोनो प्रखंड स्थित बरनार नदी पर निर्मित क्षतिग्रस्त कॉजवे का भी लिया जायजा

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बांका सदर अस्पताल परिसर में 13 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित मॉडल अस्पताल भवन का उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने मॉडल अस्पताल भवन का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जानेवाली सुविधाओं, चिकित्सकों के आवासन, निःशुल्क दवा वितरण आदि के संबंध में जानकारी ली। सदर अस्पताल बांका के परिसर में स्थित ओपीडी आयुष ब्लॉक का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सहायता केंद्र पर स्वास्थ्य मित्र के रूप में सेवारत जीविका दीदियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री से जीविका दीदियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां काम कर के बहुत अच्छा लगता है। हम सभी आपके प्रति आभार प्रकट करते हैं कि हमलोगों को यहां सेवा प्रदान करने का आपने अवसर दिया। बांका सदर अस्पताल परिसर में मुख्यमंत्री ने 'दीदी की रसोई का फीता काटकर लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जमुई जिला के सोनो प्रखंड स्थित बरनार नदी पर निर्मित क्षतिग्रस्त कॉजवे का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत को निर्देश दिया कि छठ पर्व के पूर्व लोगों के आवागमन हेतु बेली ब्रिज बनाकर इसे चालू कर दिया जाय। जल्द से जल्द डीपीआर तैयार कर नये पुल के निर्माण का कार्य शुरू किया जाए।

### इंडोर स्टेडियम में बैंडमिंटन खिलाड़ियों से मिले सीएम

मुख्यमंत्री ने जीर्णोद्धार कराये गये इंडोर स्टेडियम, बांका का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंडोर स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रहे बैंडमिंटन खिलाड़ियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की। खिलाड़ियों ने इंडोर स्टेडियम में मिलनेवाली सुविधाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को बताते हुए कहा कि यह हमलोगों के लिए काफी उपयोगी और सुविधाजनक है। हम सभी आपका स्वागत करते हैं और इसके लिए आपके प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से कहा कि पढ़ना आवश्यक है लेकिन इसके साथ-साथ खेल-कूद भी बहुत जरुरी है। इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास ठीक ढंग से होता है। आप सब मन लगाकर पढिए, खेलिए और आगे बढिए।

### अंग्रेजी में लिखे साइन बोर्ड को देख भड़के सीएम

सरकारी योजनाओं को उद्घाटन करने बुधवार को बांका पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डिजिटल लाइब्रेरी के अंग्रेजी में लिखे साइन बोर्ड को देखकर नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि हिंदी के महत्व को आप लोग खत्म कर रहे हैं। हम लोग हिंदी में पढ़े हैं। सीएम ने फौरन बोर्ड को बदलने का निर्देश दिया और कहा कि इस बोर्ड को चेंज करवाइये। ये कौन लिखा है, उसको यहां बुलाइये अभी। आप यहां इंग्लिश में उद्घाटन करवा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बांका के डीएम की भी क्लास लगा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये गलत है। हम सभी लोग हिंदी में पढ़े लिखे हैं। अंग्रेज का शासन नहीं चल रहा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को जमकर फटकार लगायी।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरीः संजय सिंह

- विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन
- कार्यशाला में प्रतियोगिता के विजेता को किया गया पुरस्कृत

**केटी न्यूज/पटना**




विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस पर राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना द्वारा राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पटना के विभिन्न कोलेजों के विधार्थियों ने भाग लिया जिसके अतंर्गत तीन विभिन्न प्रतियोगिता जिसमें क्लाइमेंट चेज संबंधित, मॉडल डिस्प्ले, पोस्टर मेकिग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनों में पार्यवरण के संरक्षण प्रति जागरूक किया जाना है।

कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य स्वास्थ्य समिति के सचिव सह कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से राज्य के लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी तथा जलवायु परिवर्तन से होने वाले मानव स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है।

उक्त अवसर पर डॉ रणजीत कुमार, स्टेट सर्विलांस ऑफिसर सह नोडल अधिकारी, नेशनल प्रोग्राम ऑन क्लाइमेट चेंज एवं मानव स्वास्थ्य, ने कहा इस वर्ष विश्व प्रर्यावरण स्वास्थ्य थीम वैश्विक प्रर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्यः हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़े रहना। इसलिए राज्य एवं जिला स्तर पर आम जनों के बीच विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर राज्य स्वास्थ्य समिति के स्टेट एपिडेमियोलॉजीस्ट डॉ रागिनी मिश्रा ने कहा जलवायु परिवर्तन पूरे विश्व के साथ-साथ हम सब के लिए एक चुनौती है कि हम सब कैसे एक साथ मिलकर आने वाले समय मे इससे मानव स्वास्थ्य पे होने वाले दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं। इस अवसर पर राज्य के सभी जिलों में आम जनों के बीच जिसमें महिला, बच्चे, नगर निगम कार्मचारी एवं यातायात कार्मचारियों के साथ जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य जागरूकता अभियान कार्यकम का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में तीनों प्रतियोगिता के विजेता इस प्रकार हैः-मॉडल डिस्पले में ताहीरा रूषकर, पटना वीमेंस कॉलेज, भाषण प्रतियोगिता में साक्षी, एनआईटी पटना एवं पेंटिग प्रतियोगिता में नैनशी प्रिया मगध महिला कॉलेज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुल पटना के 17 कॉलेज के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता को जज करने के लिए विभिन्न संस्थाओं के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री आनंद शंकर, वैज्ञानिक, मौसम विज्ञान केंद्र, श्री आलोक कुमार, सहायक निदेशक, एड्स नियंत्रण समिति और श्री अवधेश झा , अंतर्राष्ट्रीय समन्वयक, योगा रिसर्च केंद्र,ने कहा कि इस तरह का आयोजन समय-समय पे राज्य एवं जिला स्तर पर अत्यंत आवश्यक है। प्रतियोगिता में पटना के विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और बेहतर प्रदर्शन किया है, यह सराहनीय प्रयास है। इस कार्यक्रम में वाइटल स्ट्रेटेजीज के स्टेट कंसल्टेंट अमित कुमार मिश्रा एवं यूनिसेफ के निर्भय नाथ मिश्रा ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया।

# उपेंद्र कुशवाहा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में की भेंट

**केटी न्यूज/पटना**

लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में सभी पार्टियां तैयारी में जुट गई हैं। इस बीच राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और बिहार की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। इस मुलाकात के बाद बिहार की सियासत में हलचल तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार उपेंद्र कुशवाहा और अमित शाह की मुलाकात के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर बातचीत हुई। सीटों को लेकर भी मंथन हुआ। सीट शेयरिंग जल्द करने को लेकर भी बातचीत हुई। इस दौरान एनडीए की जीत को लेकर भी रणनीति पर विचार किए गए।

**सीएम नीतीश पर लगातार हमलावर हैं उपेंद्र कुशवाहाः** जेडीयू से अलग होने के बाद उपेंद्र कुशवाहा लगातार सीएम नीतीश कुमार पर हमलावर हैं। जेडीयू के पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन ने बुधवार को पार्टी से अपना इस्तीफा दे दिया। इसको लेकर उपेंद्र कुशवाहा ने सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीटर पर लिखा कि 'बहुत पहले ही हमने कह दिया था कि आरजेडी-जेडीयू डील के साथ ही नीतीश कुमार की पार्टी निपट चुकी है। डूबती नैया पर सवार होकर कोई भी व्यक्ति चुनाव की वैतरणी पार नहीं कर सकता है, इसलिए नीतीश सहित उनकी पार्टी के अन्य नेता इधर-उधर संपर्क में हैं।

# गया में सैलून में शेविंग करा रहे लोजपा नेता अनवर अली की गोली मारकर हत्या

**केटी न्यूज/गया**

लोजपा पशुपति पारस गुट के नेता मो. अनवर अली खान की बादमाशों ने दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना आमस थाना क्षेत्र में बुधवार की है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने जीटी रोड को जाम कर दिया।



घटना उस वक्त हुई है जब मो. अनवर अली खान एक सैलून में शेविंग करा रहे थे। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन की संख्या में रहे अपराधी पहुंचे और अंधाधुंध फायरिंग कर गोलियों से उन्हें छलनी कर दिया। घटना में मौके पर ही मौत हो गई है। अनवर अली लोजपा लेबर सेल के प्रदेश अध्यक्ष थे। बाजार में फायरिंग होते ही थोड़ी देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। कुछ लोग भागने लगे तो वहीं कुछ लोग अपनी दुकानें बंद कर दीं। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे- 82 को जाम कर दिया। आक्रोशित परिजन अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े रहे।

वहीं इस पूरे मामले में शेरघाटी डीएसपी राजकिशोर सिंह ने बताया कि किसी सैलून में वह सेविंग करा रहे थे। इसी दौरान अपराधियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग कर उनकी हत्या कर दी गई। इस पूरे मामले में पुलिस अनुसंधान कर रही है. वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासा किया जाएगा।

बताया जाता है कि अनवर अली खान गुरुआ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके थे। इलाके में जाना पहचाना नाम था। कई आपराधिक मामले भी दर्ज थे। फिलहाल घटना को लेकर पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा
- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



# बक्सर के कार्यकर्ताओं के जोश के आगे अन्य जिले की रैली फींकी: डॉ अखिलेश

**केटी न्यूज/बक्सर**



परिवर्तन संकल्प रैली में बक्सर आने के दौरान जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मदन मोहन झा का बक्सर जिला बॉर्डर से काफी लोगों के साथ लगभग 300 गाड़ियों का काफिला के साथ स्वागत जिला बॉर्डर से शुरूआत होकर ब्रह्मपुर चौरस्ता, कृष्णाब्रह्म, नया भोजपुर, पुराना भोजपुर, प्रताप सागर, दलसागर, गोलंबर, सिंडिकेट नहर पर और जिला कांग्रेस कार्यालय में किया गया। इस दौरान हर जगह-जगह पुस्प वर्षा होती रही। नगर भवन में अध्यक्ष को स्वर्ण मुकुट पहनकर स्वागत किया। साथ ही सभी आगत साथियों का अंग वस्त्र से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में दिखनी है एकजुटता दिखानी है। बक्सर के कार्यकताओं के जोश के आगे अन्य जिले में हुई परिवर्तन रैली फींकी है। इस दौरान ब्रजकिशोर पांडेय, आशुतोष त्रिपाठी, विनय सिंह, जय राम राम, रोहित उपाध्याय, शिवाकांत मिश्रा, अनिल उपाध्याय, प्रभु दत्त, पूजा जी, पंकज उपाध्याय, अजय ओझा, वकील सिंह यादव, मुन्ना पांडे, अभय मिश्रा, गोलू कुमार, अभिषेक कुमार, दीपक कुमार, राजकुमार, महिमा उपाध्याय, आशीष उपाध्याय, राजकुमार आजाद, उपेंद्र कुमार ओझा, सुधीर चौबे, रवि लाल, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, मुन्ना दुबे सहित हजारों हजारों कांग्रेस कर्मियों ने परिवर्तन संकल्प रैली में शामिल हुए।

**पूर्व जिलाध्यक्ष तथागत हर्षवर्धन ने दलसागर में किया स्वागत :** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष तथागत हर्षवर्धन जी के नेतृत्व में दलसागर मेन रोड पर हजारों कार्यकताओं के साथ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री एवं राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह का एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा का जोरदार तरीका से स्वागत किया गया। तथागत हर्षवर्धन ने प्रदेश अध्यक्ष से लेकर तमाम कार्यकताओं को गुलाबी पगड़ी बांधकर सबका स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ता ने खड़गे साहब जिंदाबाद सोनिया गांधी जिंदाबाद राहुल गांधी जिंदाबाद कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद एवं तथागत हर्षवर्धन जिंदाबाद का नारा लगाते हुए रैली नारा लगाते हुए निकले। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष अनिरुद्ध पांडे, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बजरंगी मिश्रा, सेवा दल अध्यक्ष धनजी पांडेय, अनुराग राज त्रिवेदी, यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार, मणि शंकर पांडेय, छोटे उपाध्याय, मोहम्मद, एनएसयूआई के विशाल खरवार, गुड्डू चौबे, वीरेंद्र राम, रमेश राम, करुणा निधि दुबे, आशीष तिवारी, श्रीमान राय, चंद्रशेखर पाठक, भारत यादव, मोहम्मद सलीम आदि लोग शामिल रहे।

स्टेट डेलीगेट डॉ. सत्येंद्र ओझा ने कांग्रेस कमिटी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह का स्वागत नगर भवन में हनुमान जी का गद्दा, चांदी का मुकुट और तलवार एवं अंग वस्त्र के साथ साथ में सभी सम्मानित अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बक्सर लोकसभा युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय ओझा, सेवादल के प्रदेश सचिव निर्मल वर्मा, दीपक कुमार, संतोष उपाध्याय वार्ड पार्षद, दीपक सिंह, विकास सिंह, अमरकांत उपाध्याय, तारकेश्वर शुक्ला, सोहराब कुरैशी, मनु कुमार, राजा बाबू, रवि कुमार, दीपक तिवारी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## एक नजर

### कोपवां में कुश्ती प्रतियोगिता आज, महिला-पुरुष पहलवानों का लगेगा जमघट



**डुमरांव।** अनुमंडल अन्तर्गत कोपवां गांव स्थित स्व.रामदरश सिंह पहलवान व्यायामशाला में अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गुरुवार को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में महिला और पुरुष पहलवानों का जमघट लगेगा। कुश्ती प्रतियोगिता में 50 से 60, 60 से 70 और 70 प्लस किलोग्राम वजन के पुरुष पहलवानों को आमंत्रित किया गया है, जबकि महिलाओं में 50 और 50 प्लस किलोग्राम वजन के पहलवानों को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान पुरुष के तीनों वर्ग से क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पहलवानों को पुरस्कार के रुप में शील्ड और स्मृति चिन्ह एवं नकदी इनाम देकर सम्मानित किया जाएगा। कुश्ती प्रतियोगिता इस बार अखाड़े पर की जाएगी। इसको लेकर आयोजन समिति के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। कुश्ती प्रतियोगिता में देश के विभिन्न अखाड़ों से नामी गिरामी पहलवान भाग लेंगे। इसकी जानकारी देते हुए दंगल प्रतियोगिता के संचालक अरूण सिंह 'पहलवान' ने बताया कि पूर्व संध्या में ही सभी महिला एवं पुरूष पहलवान पहुंच जाएंगे और आयोजन समिति के द्वारा पहलवानों का वजन एवं चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### राज्य के शोषित और वंचितों की विरोधी है बिहार सरकार: ओपी राजभर



**डुमरांव।** बुधवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ब्रह्मपुर विधानसभा क्षेत्र के परमानपुर और डुमरांव विधानसभा क्षेत्र के महरौरा, आथर बिंदटोली एवं मुकुंदडेरा गांव में आयोजित जनसभाओं मे उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार शोषित एवं वंचित विरोधी है। इसी को लेकर आगामी 10 अक्टूबर को पटना के गांधी मैदान में रैली आयोजित की गई है, जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महासचिव संतोष चौबे ने कहा कि बिहार की जनता अब जागरूक हो चुकी हैं और आने वाले समय में करारा जवाब देगी। महरौरा सहित विभिन्न गांव में आयोजित सभा की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय राजभर ने किया, जबकि मंच संचालन का दायित्व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रणजीत राय ने किया। इस दौरान उपस्थित मुख्य रूप से सालिक यादव, हरेंद्र राजभर, लडन राजभर, राजेश ठाकुर, वीरेंद्र राजभर, मदन पासवान, मोहन विन्द, सत्येंद्र राजभर, जवाहर राजभर, महेश राजभर और उमेश राजभर सहित अन्य कई लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराई।

### खुसरूपुर की अमानवीय घटना के खिलाफ भाकपा-माले और ऐपवा की प्रतिवाद सभा




**बक्सर।** पटना जिले के खुसरूपुर प्रखंड के मोसिमपुर में एक दलित महिला की निर्वस्त्र कर पिटाई और उसके मुंह पर पेशाब करने की बेहद क्रूर व अमानवीय घटना के खिलाफ आज बक्सर के कामलदह पोखरा से ज्योतिप्रकाश चौक तक मार्च निकालकर भाकपा-माले व ऐपवा की ओर से आहूत राज्यव्यापी प्रतिवाद के तहत संयुक्त प्रतिवाद आयोजित किया गया। प्रतिवाद सभा को बक्सर प्रखण्ड सचिव नीरज कुमार, ऐपवा की जिला सचिव संध्या पाल, राजपुर प्रखण्ड सचिव वीरेन्द्र सिंह, भाकपा माले के ओम प्रकाश सिंह, राजदेव सिंह, इनौस नेता गनेश सिंह आदि ने संबोधित किया। संचालन माले नेता राजदेव सिंह ने किया. मौके पर कारण राम, बृजबिहारी आदि शामिल थे। सभा को संबोधित करते हुए बक्सर सचिव नीरज कुमार ने कहा कि खुसरूपुर में जो घटना हुई, वह मनुस्मृति वालों की घटिया मानसिकता का निकृष्ट उदाहरण है। कुछ लोग कह रहे हैं कि यह तो बिहार का मामला है, इसमें भाजपा कहां से आती है। लेकिन असल सवाल यह है कि दलितों-महिलाओं को अपमानित करने और उन्हें सबक सिखाने की यह क्रूर मानसिकता को तो भाजपा से ही ताकत मिल रही है। जिस तरह मणिपुर में एक महिला को जैसे नंगा करके घुमाया गया और केंद्र की मोदी सरकार उसका संरक्षण करती रही, इस कारण ही ऐसी मानसिकता बढ रही है । लोग देख रहे हैं कि देश में एक ऐसी सरकार चल रही है जो महिलाओं के बलात्कार व हत्या पर चुप रहती है । कुछ दिन पहले मध्यप्रदेश में एक आदिवासी पर भाजपा के एक नेता ने पेशाब किया और फिर उसका वीडियो बनाकर प्रचारित किया । कार्रवाई के नाम पर भाजपा के उस नेता के घर का छज्जा भर तोड़ा गया। संसद के अंदर भाजपा का नेता गालियां की भाषा में बात करता है. ऐसी स्थिति में अपराधियों-हमलावरों का मनोबल क्यों नहीं बढ़ेगा? ऐपवा सचिव संध्या पाल ने कहा कि भाकपा माले की पहलकदमी पर खुसरपुर में रविदास टोले में पुलिस बल बैठा दिया गया है, पीड़ित महिला को एक लाख रुपये का सहयोग मिला है, मुख्यमंत्री ने संज्ञान लिया है, लेकिन ये सब पहलकदमियां सराहनीय होते हुए भी अपर्याप्त हैं। हमारी मांग हैं कि सभी अपराधियों और सूदखोरों को गिरफ्तार किया जाए और रविदास समुदाय के सभी 8 परिवारों का पुनर्वास कराया जाए।




## खबरें फटाफट

### अतिमी से लापता किशोर बरामद

**नावानगर।** लगभग एक माह से लापता अतिमी के किशोर दिनारा के कुंड गांव से बरामद हो गया। बरामद किशोर गांव के जमुना सिंह के पुत्र अजय कुमार है। किशोर के बरामद होने में प्रखंड प्रमुख अंकित कुमार की सराहनीय पहल रही। प्रखंड प्रमुख ने बताया कि बीते माह अतिमी कुशवाहा टोला स्थित अपने घर से किशोर टहने के लिए निकला था। पर देर रात तक वापस घर नहीं लौटा था। जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन किया। पर कही भी किशोर की सुराग नहीं मिली। बाद में प्रखंड प्रमुख ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लापता किशोर की फोटो वायरल कर उसकी खोजबीन एवं जानकारी देने की लोगों से अपील किया। जिसके बाद बुधवार को कुंड गांव के एक युवक ने किशोर को उसके गांव में होने की जानकारी प्रखंड प्रमुख को दिया। जिसके बाद परिजनों ने कुंड गांव पहुंच किशोर को अपने साथ घर ले आए।

### महिलाओं के बीच सैनेटरी पैड का वितरण

**बक्सर।** महर्षि विश्वामित्र फाउंडेशन द्वारा लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है इसी क्रम में बुधवार को नगर के शांति नगर इलाके में महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड वितरण का कार्यक्रम चलाया गया। फाउंडेशन की सदस्य मंजू देवी द्वारा अनेकों महिलाओं के बीच पैड का वितरण किया गया। मौके पर शाहाबाद संयोजक रवि राज ने कहा कि माहवारी दौरान पर न लगने से महिलाओं को कई गंभीर बीमारियां हो जाती है जिससे बचने के लिए सेनेटरी पैड का उपयोग आवश्यक है। इसी जागरूकता अभियान को जारी रखने के लिए राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे द्वारा आह्वान किया गया है। साथ ही निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार चलाया जा रहा है।

### सिपाही भर्ती को लेकर डीएम ने की बैठक

**बक्सर।** डीएम अंशुल अग्रवाल एवं एसपी मनीष कुमार की अध्यक्षता में केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अंतर्गत बिहार पुलिस संगठन में सिपाही पद पर नियुक्ति हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के विधि व्यवस्था संधारण एवं परीक्षा कार्य के सफल आयोजन हेतु प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त ब्रीफिंग समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में की गई। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 01/2023 के अंतर्गत बिहार पुलिस संगठन में सिपाही पद पर नियुक्ति हेतु आयोजित लिखित परीक्षा दिनांक 01 अक्टूबर 2023, 07 अक्टूबर 2023 एवं 15 अक्टूबर 2023 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। (प्रथम पाली में 10:00 बजे पूर्वाहन से 12:00 बजे मध्याहन तक एवं द्वितीय पाली 3:00 बजे अपराह्न से 5:00 बजे अपराह्न तक) आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली के लिए 8:00 बजे पूर्वाह्न एवं द्वितीय पाली के लिए 1:00 बजे अपराह्न तक परीक्षा केंद्र पर अभ्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। जिला में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए है।

## डीएम ने अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव में अल्ट्रासाउंड यूनिट का किया शुभारंभ

# अनुमंडल अस्पताल में लगे दो शिकायत पेटी, एसडीओ करेंगे अनुश्रवण : डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव में अल्ट्रासाउंड यूनिट का शुभारंभ किया गया। जिलाधिकारी ने अल्ट्रासाउंड उद्घाटन के पश्चात अस्पताल के अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। जिसके अंतर्गत अस्पताल में पर्याप्त साफ सफाई, रंग रोधन, डेंगू के मरीजों की जांच एवं डेंगू के मरीजों के लिए अतिरिक्त बेड की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में दो शिकायत पेटी लगाने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक सप्ताह में काम से कम एक बार एसडीओ को शिकायत पेटी में आए हुए शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए नियमानुसार शिकायतों का निवारण करने का निर्देश दिया गया।

प्रखंड कार्यालय स्थित आईटी भवन पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में डीएम अंशुल कुमार ने कहा कि विकास मामले में डुमरांव उच्च कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। डुमरांव में बना रहे मेडिकल कॉलेज तथा फोरलेन सड़क का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कोरानसराय से इटाढ़ी तक तथा नेनुआ सम्हार अरियांवे की सड़क का निर्माण कार्य जल्द होने वाला है। बस स्टैंड का जगह तलाश कार्य पूरा होने की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बाईपास सड़क के लिऐ भूअर्जन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होने वाली है। कचरा संस्करण इकाई स्थापित करने में स्थानीय प्रखंड प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कूड़ा उठाव जारी रखने के लिए यूजर चार्ज देने की अपील लोगों से किया। डीएम ने यूजर चार्ज के रूप में सबसे अधिक तीन लाख रुपया वसूली के लिए डुमरांव के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसे आगे भी जारी रखना होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में बेहतर कार्य के लिए प्रखंड की सराहना की। भूमि विवाद के मामलों के निष्पादन के लिए थाना में लग रहे दरबार का लाभ उठाने का अपील करते हुए।

**फिजियोथेरेपी एवं जांच की सुविधा दी जा रही :** डीएम ने कहा कि विवाद निपटान के कई सक्षम अधिकार हैं। शहरी क्षेत्र के लोगों को ठंड से बचाव के लिए नगर परिषद द्वारा रैन बसेरा निर्माण के लिए जगह तलाश पूरा होने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि बुनियाद केंद्र पर वृद्ध दिव्यांग विधवा लोगों को मुफ्त में फिजियोथेरेपी एवं जांच की सुविधा दी जा रही है। बच्चों को कुपोषण से बचाने में बाल विकास परियोजना की पीठ थपथपाई तो उद्योग विभाग द्वारा 22 लोगों को दिए गए उद्यमी योजना के लाभ का भी जिक्र किया। आरटीपीएस काउंटर की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए ऑनलाइन सेवा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम की उपयोगिता एक जगह पर जिले के सारे पदाधिकारी को उपस्थित कर लोगों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि गरीब तथा जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाना लक्ष्य है। कार्यक्रम का संचालन एसडीएम कुमार पंकज तथा धन्यवाद ज्ञापन बीडीओ संदीप कुमार पांडेय ने किया। इस मौके पर डीडीसी महेंद्र पाल एडीएम प्रमोद कुमार के अलावे जिले के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे।

**अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण :** मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के तहत अब डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में पेपरलेस वर्क होगा। मरीजों को काउंटर पर पुर्जा नहीं बनवाना पड़ेगा। केवल टोकन नंबर पर ही मरीज की जांच होगी और दवा भी मिलेगी। डॉक्टर मरीज को देखेंगे और दवा लिखेंगे। इसकी भी मॉनिटरिंग होगी। आवश्यकतानुसार विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सलाह भी देंगे। सभी कार्य ऑनलाइन होंगे और मरीज परेशानी से बचेंगे। इसके लिए ह्यभाव्याह्व बिहार हेल्थ एप्लीकेशन विजनरी योजना फॉर ऑल स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। डिजिटल सेवा शुरू करने से पहले इसकी पूर्ण जानकारी डॉक्टर व स्टाफ का होना जरूरी है।

## जीविका महिला सशक्तिकरण की शानदार मिसाल है: जिप अध्यक्ष

**केसठ।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत बुधवार को रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन कन्या प्राथमिक विद्यालय बस स्टैंड के प्रांगण में किया गया। जिसका उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्षा डॉ विद्या भारती, प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश बिहारी वर्मा जिला परियोजना प्रबंधक चंदन कुमार सुमन प्रखंड परियोजना प्रबंधक धर्मवीर गुप्ता एवं जागृति जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्षा दशहरी देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। जीविका दीदियों ने स्वागत गीत और बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर रोजगार प्रबंधक भोले नाथ पाण्डेय ने कहा कि जीविका ने बदलाव की दिशा में बेहतरीन कार्य किया है। रोजगार की बात हो या स्वरोजगार की सभी कार्यों में जीविका की भूमिका अग्रणीय एवं सराहनीय रही है। उन्होंने रोजगार शिविर, रोजगार मेला, प्रशिक्षण, कौशल विकास आदि पर विस्तार से बताया गया। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि जीविका महिला सशक्तिकरण की एक शानदार मिसाल है। जीविका रोजगार मेला में जी-फोर एस गार्ड, केपीआर, जोमेटो, शिवशक्ति डीडीयू जीकेवाई सहित 13 कंपनियों के प्रतिनिध उपस्थित थे। जीविका के डीपीएम ने कहा की जीविका के कुशल प्रबंध के कारण आज धरातल में रोजगार के साधन उपलब्ध हो रहे है।प्रखंड परियोजना प्रबंधक धर्मवीर गुप्ता ने कहा की प्रखंड में पहली बार जीविका ने रोजगार मेला का आयोजन किया है। जिसके कारण यहां के युवक और युवतियों में भरी उत्साह देखने को मिला है।

## खुलासा: शादी का दबाव बनाने पर बेटी के आशिक ने कर दी रिक्शा चालक की हत्या

**केटी न्यूज/बक्सर**



जिले के टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते सोमवार की रात रिक्शा चालक जलालुद्दीन रजक की हत्या का उद्भेदन पुलिस ने 24 घंटे में कर दिया। पुलिसिया जांच के अनुसार रिक्शा चालक की हत्या उसकी बेटी के आशिक ने किया है। पुलिस ने उसके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू, खून से सना टी शर्ट और मोबाइल बरामद किया है। बुधवार को गिरफ्तारी के बाद पुछताछ कर उसे जेल भेज दिया गया।

बुधवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को कोइरपुरवा मोहल्ले में अर्जुन सिंह के मकान में किराया पर रह रहे जलालु रजक की हत्या चाकू से गोदकर की गई थी। जिसके बाद मृतक की बहन नजमा बेगम के बयान पर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद सदर एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर जांच का जिम्मा सौंपा गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वैज्ञानिक अनुसंधान के सहारे सोहनीपट्टी गौरीशंकर मंदिर के समीप रहने मो. ईस्लाम राईन के पुत्र राजु राईन को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवक के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू और खून से सना टी-शर्ट बरामद कर लिया गया। गिरफ्तारी टीम में एसडीपीओ के साथ टाउन थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, पुलिस निरीक्षक सदर संजीव कुमार, एसआई संतोष कुमार, संजय विकाश त्रिपाठी, दिलीप यादव, विकाश कुमार और टाईगर मोबाइल के सिपाही अभय यादव और दीपक कुमार थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपित का मृतक के पुत्री के साथ प्रेम संबंध था। उक्त संबंध का विरोध रिक्शा चालक कर रहा था। रिक्शा चालक आरोपित पर शादी करने को लेकर दबाव बना रहा था।

## राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देशानुसार जिला जज ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

# दो अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता श्रमदान अभियान: जिला जज

**केटी न्यूज/बक्सर**



पटना उच्च न्यायालय एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष आनंद नंदन सिंह एवं देवराज मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी, बक्सर ने हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता जागरूकता रैली को रवाना किया गया। स्वच्छता जागरूकता रैली में शामिल पारा विधिक स्वयंसेवक, न्यायालय कर्मी एवं पैनल अधिवक्ता द्वारा कार्यालय भवन, विधिक सेवा सदन से होकर व्यवहार न्यायालय और कलेक्ट्रेट रोड होते हुए अंबेडकर चौक, ज्योति चौक से होते हुए मॉडल थाना तक पहुंची। जिला न्यायाधीश के निर्देश के पर ये शहर के अनेक स्थानों पर पहुंची, और स्वच्छता हेतु आम जनमानस को जागरूक किया।

जिला एवं सत्र न्यायधीश ने मौके पर कहा कि सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जन आंदोलन उत्पन्न करने के उद्देश्य से श्रमदान गतिविधियों को शुरू करने के लिए जिला न्यायालय और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) अभियान जिले में चलाया जा रहा है। जिला प्राधिकार के कार्यान्वयन पर प्रोत्साहन प्रदान करना, संपूर्ण स्वच्छ गांव के महत्व का प्रसार करना, प्रत्येक व्यक्ति का व्यवसाय के रूप में स्वच्छता की अवधारणा को सुदृढ़ करना, और राष्ट्रव्यापी भागीदारी के साथ स्वच्छ भारत दिवस (2 अक्टूबर) की प्रस्तावना के रूप में इस अभियान को चलाया जाएगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा-2023 की थीम' कचरा मुक्त भारत' है। जिसका फोकस दृश्य स्वच्छता और सफाई मित्रों के कल्याण पर है। पिछले वर्षों की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावना स्वैच्छिकता व श्रमदान है। इन स्वच्छता अभियानों का ध्यान बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, छावनी बोर्ड, समुद्र तटों, पर्यटक स्थलों, चिड़ियाघरों, राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों, ऐतिहासिक स्मारकों, विरासत स्थलों, नदी के किनारों, घाटों, नालों और नालों आदि जैसे अधिक लोगों की संख्या वाले सार्वजनिक स्थानों पर होगा। राज्य व केंद्र शासित प्रदेश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कार्य करना है। मौके पर वरीय लिपिक संजय कुमार, बक्सर, प्रभारी प्रशासन, राजीव कुमार, नजीर संतोष कुमार द्विवेदी, कार्यालय कर्मी सुधीर कुमार, सुमित कुमार, मनोज कुमार रवानी, संजीव कुमार, पारा विधिक स्वयंसेवक, अविनाश कुमार, अंजुम, प्रेम प्रकाश, कविंद्र पाठक, काजल, शत्रुघ्न सिन्हा, प्रीति कुमारी आदि वहीं पैनल अधिवक्ता संजय कुमार चौबे, कुमारी अरुणिमा, प्रीति कुमारी, चंद्रकला वर्मा व अन्य मौजूद रहे।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सभी लाभुक करें दवा सेवन: डॉ. अनुज

- फाइलेरिया राज्य सलाहकार ने एमडीए अभियान का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/नवादा**



जिले में 20 सितंबर से छह अक्टूबर तक राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत आमजन को सर्वजन दवा सेवन के तहत अल्बेंडाजोल और डीईसी दवा दी जा रही है। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए चलाए गए इस पूरे अभियान का राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा अनुश्रवण तथा निरीक्षण किया जा रहा है।

इस क्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी फाइलेरिया के राज्य सलाहकार- फाइलेरिया डॉ. अनुज सिंह रावत ने जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी से मुलाकात कर जिले के पांच प्रखंडों में चलाए जा रहे दवा सेवन अभियान की समीक्षा की। साथ ही विभिन्न प्रखण्डों का भ्रमण कर अभियान की यथास्थिति का निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी रणविजय कुमार भी साथ रहे।

डॉ रावत ने बताया है कि इस वर्ष पहली बार जिले में प्रखंड स्तरीय नाईट ब्लड सर्वे (रात्रि रक्त पट्ट संग्रहण) किया गया है। यह फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की प्रभावशीलता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने बताया कि किसी भी क्षेत्र में माइक्रो फाइलेरिया के प्रसार की दर को जानने के लिए नाईट ब्लड सर्वे किया जाता है। सर्वे में रात्रि 8:30 के बाद ही रक्त के नमूने को लेकर उसका परीक्षण किया जाता है। जिला में यह सर्वे किया गया। इस नाईट ब्लड सर्वे के प्रतिवेदन के आधार पर ही जिले में एमडीए राउंड चला कर आमजन को फिलेरिया उन्मूलन के लिए दवा का सेवन कराया जा रहा है।

### पांच प्रखंडों में चलाया गया अभियान

जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने बताया नवादा जिले के 14 प्रखण्डों में नाईट ब्लड सर्वे की गतिविधि की गयी थी। जिसके तहत और इसमें से 5 प्रखण्डों - नवादा सदर, कौआकौल, नरहट, मेसकौर और काशीचक में एक प्रतिशत से अधिक माइक्रो फाइलेरिया पाए जाने के बाद एमडीए राउंड चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी लक्षित लाभार्थियों से दवा सेवन की अपील की है।

## एक नजर

### पहले की अपेक्षा में जीविका दीदियां और भी सजग एवं जिम्मेदार : विवेक कुमार सिंह



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय द्वारा अब्दुलबरी नगर भवन में पंजाब नैशनल बैंक एवं जीविका के संयुक्त तत्वावधान में समूह शक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख गया (पीएनबी) विवेक कुमार सिंह भी उपस्थित थे। मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में जहानाबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई जीविका समूह की दीदियों ने हिस्सा लिया। जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार में जीविका का जो मॉडल है उसकी चर्चा अन्य राज्यों में भी होती हैं। पहले की अपेक्षा में जीविका दीदियां और भी सजग एवं जिम्मेदार हुई हैं। इतने सारे समूहों को ऋण वितरण किए जाने के बाद भी एन पी ए का स्तर काफी कम है। बैंकों का भरोसा जीविका समूहों पर है, इसके लिए जीविका दीदियां बधाई की पात्र हैं। इस अवसर पर जिले के स्वयं सहायता समूह की लगभग 350 जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए मंडल प्रमुख श्री विवेक कुमार सिंह ने कहा कि हमने कुल 436 समूहों को अपने जिले में लिंकेज किया हैं जिसमें से 139 नए हैं और शेष पहले से ही हमसे जुड़े हुए हैं। इस मौके पर विवेक कुमार सिंह, मंडल प्रमुख, गया (पीएनबी), विजय कुमार, मुख्य प्रबंधक मंडल कार्यालय (पीएनबी) प्रशांत कुमार अग्रणी जिला प्रबंधक, डीडीएम नाबार्ड रजनीकांत कुमार सिंह, कुणाल कुमार, वरीय प्रबंध (पीएनबी) डीपीएम जीविका अनिता कुमारी, सुजीत कुमार, शाखा प्रबंधक, (पी एन बी) घोसी एवं धर्मेंद्र कुमार दिवेदी मंच पर मौजूद थे। इनके अलावा कार्यक्रम में लगभग 350 जीविका दीदियों के अलावा जहानाबाद जिला के जीविका कर्मी मौजूद थे। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी एवं मंडल प्रमुख,गया श्री विवेक कुमार सिंह के द्वारा 436 जीविका समूहों को 21 करोड़ 36 लाख का डमी चेक दिया गया। इस मौके पर 100 समूहों को पासबुक भी प्रदान किया गया। जिला पदाधिकारी द्वार जीविका द्वारा लगाए गए सत्तू, बेकरी, चनाचुर, चूड़ी, लहठी एवं सोलर के स्टालों का भ्रमण किया गया। साथ ही आज पीएनबी के मंडल प्रमुख ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) गतिविधि के अंतर्गत डीएवी विद्यालय जहानाबाद मे आर ओ सह वाटर कूलर भी प्रदान किया।

### विधायक ने जल जमाव की समस्या के समाधान को लेकर विभिन्न वार्डो का लिया जायजा

जहानाबाद। स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने बुधवार को शहर के विभिन्न वार्डों में बुडको एवं नप के कार्यपालक पदाधिकारी के साथ घूम-घूम कर जल निकासी को लेकर कई दिशा निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि 32 भंवरिया स्थित काली नगर मुहल्ले के लोगों को पिछले कई वर्षों से नाला नहीं रहने के कारण परेशानी हो रही थी। नप के कार्यपालक पदाधिकारी एवं बुडको के जेई को जल्द से जल्द नाला बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 के अंतर्गत जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र से जल निकासी के लिए सेंटेज सहित कुल 49 करोड़ 20 लाख की राशि स्टॉम सिस्टम योजना को स्वीकृत किया है। उन्होंने बताया कि राजाबाजार दौलतपुर माले कार्यालय, प्राचीन देवी मंदिर जाफरगंज, एरकी सहित कई वार्डो में इस राशि से नाला निर्माण कराया जाएगा, ताकि जल जमाव की समस्या से निदान मिल सकें। उन्होंने बताया कि अगर और अधिक राशि की आवश्यकता हुई तो नगर विकास विभाग से राशि उपलब्ध कराकर डर डाल में शहर के विभिन्न वार्डो में जल जमाव की समस्या का समाधान किया जाएगा।

### कुटुंब न्यायालय में सुनवाई के बाद भी पति-पत्नी के बीच नहीं बनी बात

# पवन सिंह और ज्योति तलाक के लिए लड़ेंगे केस, नहीं हुई सुलह

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के पावर स्टार सह गायक पवन सिंह और उनकी पत्नी ज्योति सिंह के बीच तलाक को लेकर सुलह नहीं हो पाई। आरा के कुटुम्ब न्यायालय में काफी देर तक चली काउंसलिंग के बाद भी दोनों के बीच बात नहीं बनी। काउंसलिंग के दौरान दोनों अपनी-अपनी जिद पर अड़े रहे। दोनों पक्ष अब केस लड़ने की तैयारी कर रहा है। मामले में बताया जाता है कि तलाक मामले की सुनवाई को लेकर दोनों आरा कोर्ट पहुंचे। पवन सिंह करीब ढाई बजे कोर्ट पहुंचे और उनकी पत्नी ज्योति सिंह अपने पिता के साथ कोर्ट पहुंची थी। कुटुम्ब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश श्वेता कुमारी सिंह की उपस्थिति में दोनों की काउंसलिंग शुरू की गयी। प्रधान न्यायाधीश ने दोनों को काफी देर तक समझाने का प्रयास किया। उससे पहले दोनों के बीच अकेले में भी बातचीत हुई, लेकिन बात नहीं बनी।



करीब दो घंटे तक चली काउंसलिंग के बाद दोनों कोर्ट से निकल गये। इधर, पावर स्टार पवन सिंह के आरा पहुंचने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों की भारी भीड़ कोर्ट कैंपस में जमा हो गयी। पावर स्टार को देखने और उनके साथ सेल्फी लेने को लेकर होड़ मच गयी। फैंस काफी देर तक भाग-दौड़ करते रहे। उससे कोर्ट कैंपस से लेकर गेट के बाहर काफी देर तक अफरातफरी और गहमागहमी बनी रही। भीड़ को काबू करने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**पवन सिंह के सेटलमेंट ऑफर को ज्योति ने ठुकराया :** कोर्ट सूत्रों के अनुसार पावर स्टार पवन सिंह की ओर से सेटलमेंट करने के लिए ज्योति सिंह को एकमुश्त राशि का ऑफर दिया गया था। उसके तहत 50 लाख रुपए नगद, एक मकान और पढ़ाई का पूरा खर्च देने की बात कही गयी थी। हालांकि ज्योति सिंह की ओर से उस ऑफर को ठुकरा दिया। हालांकि ज्योति सिंह ने मोटी रकम मांगी है, जो पवन सिंह की ओर से दिये गए ऑफर से कई गुणा अधिक है। सेटलमेंट नहीं होने के बाद अब दोनों पक्ष केस लड़ने की तैयारी में जुट गया है। ज्योति सिंह के वकील आदित्य कुमार ने कहा कि वे लोग अब केस लड़ेंगे। वहीं, पवन सिंह के वकील सुदामा सिंह का कहना है कि समझौते का प्रयास किया गया था। लेकिन अब केस चलेगा।

**दो साल से चल रहा दोनों के तलाक का मामला :** अभिनेता पवन सिंह ने अपनी दूसरी पत्नी ज्योति सिंह से तलाक के लिये 9 अक्टूबर 2021 को आरा फैमिली कोर्ट में अर्जी दाखिल किया था। उसके बाद ज्योति सिंह इस साल 28 अप्रैल को आरा की फैमिली कोर्ट पहुंची थी। ज्योति सिंह ने अंतरिम भरण पोषण की मांग की थी। उसके तहत ज्योति सिंह की ओर से तहत प्रति माह 3.5 लाख की मांग की गयी है। उसे लेकर पहले बार दोनों के बीच काउंसलिंग करायी जा चुकी है। पिछले साल मई माह में भी दोनों कोर्ट पहुंचे थे। उस समय भी प्रधान न्यायाधीश की ओर से समझौता कराने की कोशिश की गयी थी। उस समय भी बात नहीं बनी थी।

### पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी के बेटे ने की खुदकुशी

**आरा।** शहर के नवादा स्थित भवन निर्माण विभाग सरकारी क्वार्टर में बुधवार को पीडब्ल्यूडी विभाग के एक कर्मचारी के बेटे ने आत्महत्या कर ली। उसने रस्सी के सहारे पंखे की कुंडी से लटक कर जान दे दी। मृतक मूल रूप से समस्तीपुर जिला के पूसा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी पीडब्ल्यूडी कर्मचारी रुद्रकांत झा का 22 वर्षीय पुत्र प्रीतेश झा था। वह बीकॉम पार्ट 2 का छात्र था। हालांकि खुदकुशी करने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। छात्र की बहन द्वारा बताया गया कि मंगलवार की रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया था। बुधवार की दोपहर तक वह नहीं जागा, तो उन लोगों ने उसके कमरे में झांक कर देखा। तब वह पंखे के कुंडी से लटक रहा था। उसके बाद दरवाजा तोड़कर उसके शव को नीचे उतर गया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। इधर, मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार भी छात्र की मौत खुद से फांसी लगाने के कारण ही होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जा रहा है कि छात्र अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र और चार बहनों में सबसे छोटा था। घटना के बाद उसके घर में कोहराम और रोना-धोना मचा है।




## पंखे के कुंडी से लटका मिला एसएसबी जवान की पत्नी का शव, हत्या का आरोप

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना रोड स्थित गौतम नगर मोहल्ले में बुधवार की सुबह 28 वर्षीया एक एसएसबी जवान की पत्नी का शव पंख के कुंडी से लटका मिला। वह दुपट्टा के सहारे पंखे की कुंडी से लटकी थी। उसके पैर के घुटने के पास चोट जबकि अंडरवियर में खून व पानी के निशान मिले हैं। मृत महिला गोढ़ना रोड गौतम नगर मोहल्ला निवासी अरविंद कुमार एसएसबी जवान की पत्नी मधु कुमारी थी। ढाई साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। अरविंद कुमार वर्तमान में भोपाल में पोस्टेड हैं।

उसके ससुर किशोरी ठाकुर जैन कॉलेज के रिटायर कर्मी हैं। उसके मायके वालों की ओर से घरेलू विवाद में ससुराल वालों पर फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत पुलिस बल के साथ पहुंचे और अपने स्तर से मामले की छानबीन की। उसके बाद मेडिकल बोर्ड गठित कर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उसके लिए सिविल सर्जन सुरेश प्रसाद सिंह की ओर चार डॉक्टरों की टीम गठित की गयी थी। उसमें डा. सूर्यकांत निराला, डा. नवनीत कुमार चौधरी, डा.अशोक कुमार और डा.आरती शामिल थी। टीम द्वारा जांच के लिए पोस्टमार्टम के दौरान महिला का वेजाइनल स्वाब भी लिया गया। सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी मधु कुमारी के बड़े भाई प्रभाकर शर्मा उर्फ मंटू ने बताया कि उसकी बहन की शादी 15 फरवरी 2021 में गौतम नगर निवासी किशोरी ठाकुर को पुत्र अरविंद कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन के बाद से ही उसकी सास द्वारा उसके गाली-गलौज की जाने लगी थी। उसे लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। उसका पति भी उसे अपने साथ नहीं ले जा रहा था। उसका कहना था कि जब तक माता-पिता है, तबतक उनकी सेवा करना है। इस बीच बुधवार की सुबह उसके ससुर किशोरी ठाकुर द्वारा फोन कर जानकारी दी गयी कि मधु ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर वह परिजनों के साथ उसके ससुराल पहुंचा, तो देखा कि उनकी बहन मृत अवस्था में जमीन पर पड़ी है। उसके बाद उसके द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। उसके द्वारा बहन मधु की सास, ससुर ननद और बहनोई पर घरेलू विवाद में फांसी लगा कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

## ट्रैक्टर चालक से झगड़े में बदमाशों ने की फायरिंग, साइकिल विक्रेता को लगी गोली

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के धोबहां ओपी क्षेत्र के धोबहां बाजार में बुधवार की दोपहर ट्रैक्टर चालक से झगड़े के बाद बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग की। जिसमें 55 वर्षीय एक साइकिल पार्ट्स विक्रेता को गोली लग गयी। गोली उनके बायें हाथ में फंस गयी है। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी दुकानदार धोबहा ओपी क्षेत्र के कड़रा बसंतपुर गांव निवासी स्व. छठी लाल साह का बेटा रामेश्वर प्रसाद साह हैं। उनकी धोबहां बाजार में साइकिल पार्ट्स की दुकान है। वह पार्ट्स बेचने के साथ साइकिल बनाते भी हैं। हमलावरों की संख्या दो बताई जा रही है। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश आराम से भाग निकले। इधर, सरेराह बीच बाजार में फायरिंग की वारदात से इलाके में सनसनी मच गयी। हालांकि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

सूचना मिलने पर ओपी इंचार्ज सुशांत कुमार पुलिस मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी गयी है। जख्मी दुकानदार रामेश्वर प्रसाद साह ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह अपनी दुकान पर खड़े थे। उसी दौरान एक चालक द्वारा उनकी दुकान के सामने अपना ट्रैक्टर खड़ा कर दिया गया। तभी उसका पीछा करते हुए बाइक पर सवार दो बदमाश भी पहुंच गये और ट्रैक्टर चालक पर फायरिंग कर दी, लेकिन गोली ट्रैक्टर चालक के बदले उनके बाएं हाथ में लग गयी। घटना के बाद बदमाश बाइक से आरा की ओर भाग निकले। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जख्मी दुकानदार को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि दो लड़के किसी बात को एक ट्रैक्टर चालक से झगड़ा कर रहे थे। उसी दौरान उन लड़कों की ओर से हवाई फायरिंग कर दी गयी। उसमें साइकिल दुकानदार को गोली लग गई। उनकी गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है।




### विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# विधिक सेवा प्राधिकार की योजनाओं से अवगत हुए ग्रामीण

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार जहानाबाद के अध्यक्ष डॉ राकेश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार वनावर पर्यटक स्थल पर विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय मुखिया उषा देवी ने किया। विधि विशेषज्ञ पैनल अधिवक्ता रमेश प्रसाद ने स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा संचालित योजनाओं जैसे नालसा कानूनी माध्यम से आपदा पीड़ितों को कानूनी सेवाएं योजना 2010, नालसा तस्करी और वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए योजना 2015, नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनका संरक्षण योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए योजना 2015, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन में हेतु विधिक योजना 2015, नालसा आदिवासियों के अधिकार का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए योजनाएं 2015, नालसा नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए योजना 2015, नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016, नालसा तेजाब हमला पीडितों के लिए योजना 2016, नालसा अलग रूप से सक्षम बच्चों के कानूनी सेवा योजना 2021, से संबंधित योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही, आगामी 9 दिसंबर को आयोजित होने वाले अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में पारा विधिक स्वयंसेवक राकेश कुमार, अरुण कुमार सिंह, शशि भूषण कुमार सिन्हा, के द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

मौके पर डॉक्टर राजेश चंद्र फाइनल अधिवक्ता ने भी प्राधिकार के द्वारा संचालित मुफ्त विधिक सहायता प्राप्त करने हेतु पात्रता के संबंध में लोगों को बताएं और कहे की किन्हीं को भी विधिक सहायता प्राप्त करना हो तो हम से एवं प्राधिकार से भी सहयोग हमेशा प्राप्त कर सकते हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि मुखिया उषा देवी, वार्ड सदस्य अमिता कुमारी, मनंजय कुमार पंचायत सचिव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जो लोग भी किसी भी योजनाओं के लाभ लेने से वंचित है एवं प्राधिकार के योजनाओं का लाभ लेना चाहते हैं तो आप प्राधिकार से जुड़े और विधिक सहायता प्राप्त करें।



# चिलकहर और बांसडीह के सीएम फेलो को शो कॉज नोटिस देकर सेवाएं खत्म करने का निर्देश

- जिला पंचायती राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, आईटीआई के प्रधानाचार्य और जिले के एलडीएम को भी शो कॉज

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के आकांक्षात्मक विकासखंडों के प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास, स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि एवं जल संसाधन, मूलभूत संरचना से संबंधित 75 इंडिकेटरों पर चर्चा की गई और जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



वित्तीय समावेशन और कौशल विकास की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और प्रधानमंत्री जनधन योजना जैसी योजनाओं में लोगों की नामांकन संख्या कम पाए जाने के कारण एवं बैंकों में खातों के सापेक्ष कम आधार सीडींग पर जिले के एलडीएम को शो कॉज का नोटिस जारी करते हुए स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ब्लॉकों के सीएम फेलो बैंकों के कोऑर्डिनेटर से संपर्क कर समावेशी योजनाओं और आधार सीडिंग में प्रगति लाएं। कौशल विकास योजना के अंतर्गत अप्रेंटिस पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं, अनुसूचित जाति के अंतर्गत आने वाले प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के खराब प्रदर्शन पर जिलाधिकारी ने आईटीआई के प्रधानाचार्य को शो कॉज नोटिस जारी किया।साथ ही सही आंकड़े पोर्टल पर अपलोड कर गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण में खराब प्रदर्शन एवं सही डाटा पोर्टल पर फीड न करने के कारण जिला पंचायती राज अधिकारी को शो कॉज नोटिस जारी किया गया। उन्होंने परियोजना निदेशक को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने मकानों का डाटा पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश दिया।

### महिला व बाल कल्याण विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर महिला व बाल कल्याण विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रोबेशन अधिकारी से सभी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि योजनाओं के तहत जो आवेदन हो रहे हैं, सीएमओ, सभी बीडीओ व अन्य सम्बन्धित अधिकारियो के साथ समन्वय बनाकर निस्तारण सुनिश्चित कराएं। वन स्टॉप सेंटर के कार्य की भी समीक्षा करते हुए कहा कि वहां तैनात स्टाफ के अनुरोध पर सारी व्यवस्था कर दी गयी है। अब वन स्टॉप सेंटर से सम्बन्धित कार्य को बेहतर ढ़ंग से करके दिखाएं।

### जिलाधिकारी ने डीपीआरओ व खान निरीक्षक को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

आईजीआरएस पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी ने दो अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी यतेंद्र सिंह यादव और खान निरीक्षक के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है। इस कार्रवाई से आधिकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। उन्होंने चार अन्य अधिकारियों को भी कठोर चेतावनी जारी करते हुए निर्देश दिया है कि जनशिकायतों का निस्तारण पूरी जिम्मेदारी से करें। निस्तारण में समयसीमा व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत किया है कि अगर किसी भी वजह से शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में चली गई तो उसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे।

## खबरें फटाफट

### लाडले को पाने के बाद पिता ने पुलिस को बोला थैंक्यू

**बलिया।** गड़वार थाने की पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत डांडेपुर गांव स्थित घर से गायब गुमशुदा बालक को तत्परता पूर्वक ढूंढ कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया। गुमशुदा बालक का नाम विमलेश यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी डाण्डेपुर है। बालक डांडेपुर गांव स्थित घर से बीते 23 सितंबर को अचानक गायब हो गया था। परिजनों ने पहले रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, जब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बालक विमलेश को ढूंढ निकाला और उसके परिजनों को सुपुर्द किया।

### एआरटीओ ने 4 कामर्शियल वाहनों को किया सीज



**बलिया।** समय से टैक्स जमा नहीं करने वाले कामर्शियल वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग में सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अरुण कुमार राय ने इसके लिए तेजी से अभियान चलाया है, जिसके तहत मंगलवार को थाना कोतवाली और दुबहर क्षेत्र में चार वाहनों को सीज किया गया। वहीं 11 वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ श्री राय ने कमर्शियल वाहन स्वामियों से स्पष्ट रूप से कहा है कि जिनके वाहन का टैक्स बताया है तत्काल जमा कर दें, ताकि वाहन चालान और सीज की कार्रवाई से बच सकें। उन्होंने बताया कि समय से टैक्स जमा नहीं करने की वजह से परिवहन विभाग को काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है। इसलिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और टैक्स जमा नहीं करने वालों की विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।

### युवक का मिला शव, सनसनी

**बिल्थरारोड।** उभांव थाना के शाह कुंडैल गांव के मुख्य मार्ग पर बुधवार की सुबह सड़क किनारे 22 वर्षीय एक युवक का संदिग्ध हालत में शव मिला। जिससे गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उभांव इंस्पेक्टर राजीव कुमार मिश्र ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दिया। मृतक के शरीर पर जहां तहां हल्की चोट के निशान थे। काफी मशक्कत के बाद युवक की पहचान डबल्यू पासवान 22 वर्ष ग्राम अतरौल निवासी के रूप में की गई। बताया जा रहा है कि युवक साइकिल से अपने घर जा रहा था इस बीच किसी कारण से सड़क किनारे साइकिल समेत गिर पड़ा। जहां बेहोशी के हालत में पूरी रात पड़ा रहा और उसकी मौत हो गई। हालांकि वह मिर्गी का मरीज भी बताया जा रहा है। बुधवार की सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने सड़क किनारे खेत में युवक का शव देखा तो लोगों की भीड़ लग गई। घटना से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। समाजसेवी अवध बिहारी यादव ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी।

## जिलाधिकारी ने बैंकर्स के साथ की बैठक, खराब प्रगति पर जताई नाराजगी

# राष्ट्रीयकृत बैंक के प्रतिनिधि अपने कार्यप्रणाली में लाएं सुधार : डीएम

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैंक से जुड़े अधिकारियों के साथ बैठक की। ऋण जमा अनुपात (सीडी रेसियो) खराब मिलने पर जिलाधिकारी ने लगभग सभी राष्ट्रीयकृत बैंक के प्रतिनिधियों पर नाराजगी व्यक्त की। सुधार नहीं होने की दशा में कड़े निर्णय लेने की चेतावनी दी। बैठक में विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए वित्तीय वर्ष की उपलब्धि पर चर्चा, पीएमईजीपी, मुख्यमंत्री युवा स्व. रोजगार योजना पर चर्चा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों के अलावा किसानों को ऋण देने में सुगमता का ख्याल रखा जाए। पशुपालन घटक में भी पशुपालकों को ऋण आसानी से दें। मत्स्यपालकों का भी केसीसी किया जाए।



समीक्षा के दौरान सीडी रेसियो खराब मिलने पर बैठक में रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के अधिकारी को भी इस पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिया कि जिले में जो बैंक से रिजनल मैनेजर या चीफ मैनेजर हैं, उनके असंतोषजनक कार्य से उनके उच्चाधिकारियों को पत्र भेज अवगत कराया जाए।

सुधार नहीं होने की दशा में राष्ट्रीयकृत बैंक के सरकारी खातों को प्राइवेट बैंक में करने की अनुमति के लिए भी स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी (एसएलवीसी) को पत्र भेजने की चेतावनी दी। बैठक में आजीविका मिशन के उपायुक्त, खादी ग्रामोद्योग विभाग, उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग के अधिकारियों से बैंक में लम्बित ओवदनों व स्वीकृत होने में आ रही बाधाओं को दूर से जुड़ी जानकारी ली गयी। जिस बैंक में दिक्कत आ रही है, आपस में समन्वय बनाकर दूर करने की बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी योजनाओं में बैंकर्स रूचि लें। इसमें लापरवाही पर जवाबदेही तय होगी।

**आधी-अधूरी जानकारी पर हुए नाराज :** बैंकर्स की बैठक में जिलाधिकारी ने सेंट्रल बैंक, स्टेट बैंक, इण्डियन बैंक, यूनियन बैंक, पूर्वांचल बैंक सहित अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक के जिलाा कोआर्डिनेटरों से योजनाओं के तहत लोन देने आदि की प्रगति की जानकारी ली। लगभग सभी के पास आधी अधूरी जानकारी होने पर नाराजगी जताई। सीडीओ को निर्देश दिया कि रोस्टर बनाकर बारी-बारी से सभी बैंकों की बैठक कर समीक्षा कर रिपोर्ट दें। ध्यान रहे कि उस समीक्षा बैठक में ऋणा से सम्बन्धित बैंक के अधिकारी भी मौजूद रहें।

**अनक्लेम्ड डिपोजिट सेटल कराने का अवसर :** जिलाधिकारी के निर्देश पर रिर्जव बैंक ऑफ इण्डिया के प्रतिनिधि ने बताया कि ऐसे पुराने खाते, जिसमें धनराशि पड़ी हुई है और उस पर कोई दावा नहीं किया गया है, ऐसे खातेदारों को सूचित कर सेटलमेंट किया जा रहा है। कागजी औपचारिकता को पूरी करते हुए उनके खाते की धनराशि उनको दी जा रही है। जनपदवासियों से बैंक के इस अभियान का लाभ उठाने की भी अपील की है।

# पुरानी पेंशन सहित विभिन्न मांगों को लेकर माध्यमिक शिक्षकों ने किया चाक डाउन हड़ताल

**केटी न्यूज/मऊ**

माध्यमिक शिक्षक संघ के संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर जनपद के माध्यमिक शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन को बहाल करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षकों ने चाक डाउन हड़ताल किया और शैक्षिक कार्य से विरत रहे। माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुटके जिला अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर संयुक्त मोर्चे का चाक डाउन हड़ताल पूरी तरह सफल रहा।, चाक डाउन हड़ताल की सफलता पर शिक्षक नेताओं ने जनपद के शिक्षकों और



- शिक्षण कार्य का किया बहिष्कार

शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को बधाई दी। बधाई देने वालों में एकजुट संगठन के जिला अध्यक्ष जयराम यादव, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विनीत प्रताप राय, कोषाध्यक्ष मुश्ताक अली मंसूरी, बृजेश कुमार गिरि, रविंद्र सिंह, अभिषेक कुमार सिंह गिरीश नारायण सिंह कृष्ण मोहन सिंह, उदय नारायणसिंह, कमलेश कुमार, इंद्रसेन सिंह, रमाकांत यादव, रामानंद यादव, प्रधानाचार्य जितेंद्र राय सुशील कुमार राय, रामविलास यादव, संजय कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार पांडे, सहित दर्जनों प्रधानाचार्य ने बधाई दी.




### मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना की बैठक संपन्न

**मऊ ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत स्वदेशी गायों में नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि हेतु मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के संबंध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान उप दुग्धशाला विकास अधिकारी सुधाकर प्रसाद ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में उच्च गुणवत्ता एवं उत्पादकता वाली स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करना, प्रदेश में दुग्ध उत्पादकता में वृद्धि करके प्रदेश के पशुपालकों के आय में वृद्धि करना, प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता बढाकर राष्ट्रीय स्तर पर लाना आदि है। यह योजना स्वदेशी नस्ल की गायों यथा गिर, साहीवाल, हरियाणा, गंगातीरी एवं थार पारकर प्रजातियों पर लागू होगी। पशुपालकों को अधिकतम दो गायों के लिए केवल एक बार इस प्रोत्साहन योजना का लाभ मिलेगा,

# मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव से अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़



**केटी न्यूज/मऊ**

मौसम में आए बदलाव के कारण जहां प्राइवेट तथा सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है वहीं तमाम संक्रामक रोग भी फैलने के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है ।बुधवार को मोहम्दाबाद गोहना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 260 मरीज चिकित्सकों द्वारा अपने-अपने चेंबर में बैठकर ओपीडी देखा वहीं तहसील के विभिन्न गांव से आए एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाने हेतु लगभग 50 से ऊपर की संख्या देखी गई ।इस बाबत मेडिकल अफसर डॉक्टर संतोष कुमार यादव का कहना है कि मौसम में आए बदलाव के देखते हुए जहां मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है वही लोगों को यही राय दी जा रही है कि स्वच्छता के प्रति विशेष ध्यान दें । घर के आसपास किसी गड्ढे में अगर पानी इकट्ठा हो तो उसे साफ कर दे जिससे मच्छर जनित रोग पनपेंगे और लोगों को काटने के बाद अनेकों प्रकार के रोग होंगे । इसके लिए आपको जागरूक होना होगा।

### कोटेदार की मनमानी से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**मऊ ।** रानीपुर थाना क्षेत्र के कोडर गांव में कोटेदार की मनमानी एवं आधा राशन देने को को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को ज्ञापन सोपा। रानीपुर ब्लाक के फतेहपुर गांव निवासी मंजीत यादव, किशन विश्वकर्मा, यशवंत चौहान ने बताया कि कोडर गांव में कोटेदार शिवराम तथा वर्तमान प्रधान पति रोजगार सेवक भी है इन्हीं के घर के लोग हैं जब ग्रामीण उनके कोटा दुकान पर राशन लेने के लिए जाते हैं तो 25 किलो राशन की जगह 12 किलो राशन दिया जाता है ।जिसका हमारे पास वीडियो भी मौजूद है। कोटेदार से पूछने पर की इतना राशन कम क्यों दे रहे हैं तो कोटेदार बोल रहे हैं कि हमारे यहां सिर्फ आधा राशन मिलेगा ।मैं इससे अधिक राशन नहीं दूंगा सिर्फ मुझे ही नहीं गांव के बहुत से लोगों को आधा राशन दिया जा रहा है। जिससे सभी ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। कई बार तो कोटेदार राशन बेच भी दिए है।

## विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर पोषण के प्रति किया गया जागरूक

# 11 गर्भवतियों की हुई गोदभराई, 6 का अन्नप्राशन

**केटी न्यूज/मऊ**

राष्ट्रीय पोषण माह सितम्बर के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कार्यशाला का आयोजन नगर पालिका कम्युनिटी हाल बकवल मऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य थीम सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत है। कार्यक्रम का आयोजक नोडल विभाग आईसीडीएस के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नूपुर अग्रवाल जिला अध्यक्ष भाजपा थी। कार्यक्रम में कन्वर्जेन्स विभागों मुख्यतः स्वास्थ्य विभाग, उद्यान विभाग एवं कृषि विभाग की सक्रिय सहभागिता रही।

कन्वर्जेन्स विभागों ने कार्यशाला में पोषण पर आधारित आकर्षक स्टाल लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग



द्वारा आयरन, कैल्शियम, विटामिन व फोलिक एसिक गोलियों का प्रदर्शन एवं उनसे होने वाले लाभों के प्रति जागरूक किया गया। कृषि विभाग द्वारा श्रीअन्न योजना के अन्तर्गत मोटे अनाजों का प्रदर्शन व उनसे होने वाले लाभ का स्टाल के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। उद्यान विभाग द्वारा औषधियों, फलों एवं पोषण वाटिका हेतु पोषक फल, सब्जियों का प्रदर्शन किया गया, तथा इनके कुपोषण दूर करने में लाभों के बारे में स्टाल के माध्यम से जागरुग किया गया। आईसीडीएस विभाग द्वारा रेसीपी प्रदर्शन व पोषण स्टाल लगाकर जनजागरूक किया गया। कुपोषण के विभिन्न प्रकारों, कुपोषण का चिन्हान्कन व कुपोषण से बचाव के उपायों का विभिन्न प्रदर्शनों द्वारा प्रचार-प्रसार स्टालों के माध्यम से किया गया। कन्वर्जेन्स विभागों के स्टालों का अवलोकन मुख्य अतिथि श्रीमती नूपुर अग्रवाल जिलाध्यक्ष भाजपा मऊ द्वारा किया गया। कार्यशाला में कुल 11 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं कुल 6 बच्चों का अन्नप्राशन जिलाध्यक्ष भाजपा द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल ने महिलाओं एवं बच्चों में कुपोषण मिटाने हेतु पौष्टिक भोजन को अपनाने व बाहरी जंक फूड से दूरी बनाने का आहवान किया गया, तथा माननीय प्रधानमंत्री जी के मुख्य योजना सुपोषण माह सितम्बर 2023 को सफल बनाने हेतु कन्वर्जेस विभागों को पूरे मनोयोग से कार्य करने की अपेक्षा की गयी।



## खबरें फटाफट

### तीन अक्टूबर से चलेगा विशेष संचारी नियंत्रण अभियान

**चंदौली।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी स्नेह प्रभा ने बताया कि कृषि विभाग की ओर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रसार के कार्यक्रमों के साथ-साथ चूहा और छछूंदर के रोकथाम के लिए विशेष अभियान तीन अक्टूबर से चलाया जाएगा, जो 31 अक्टूबर तक जारी रहेगा। यह विशेष अभियान का तीसरा चरण होगा, जिसके तहत जनपद चन्दौली के समस्त ग्राम पंचायतों में चूहा तथा छछूंदर नियंत्रण हेतु प्रचार-प्रसार के लिए कार्यक्रम एवं बैठकें करायी जायेगी। साथ ही चूहा एवं छछूंदर से फैलने वाले स्क्रब टाइफस एवं लेप्टोस्पायरोसिस नामक जीवाणु जनित संक्रामक रोगों के बारे में भी आम जनमानस को गोष्ठी एवं बैठकों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी दी जायेगी। आह्वान किया कि अधिक से अधिक लोग इस विशेष अभियान में सम्मिलित होकर इसे सफल बनाएं।

### मत्स्य सम्पदा योजना : 29 तक करें आवेदन

**चंदौली।** सहायक निदेशक मत्स्य रविंद्र प्रसाद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत पेन कल्चर परियोजना अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 0 .50 हेक्टेयर का लक्ष्य मत्स्य निदेशालय द्वारा जनपद चन्दौली को आवंटित किया है। साथ ही उक्त योजना का लाभ लेने के लिए 29 सितंबर तक आनलाइन आवेदन भी आमंत्रित किया गया हैं। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि योजना में चयन हेतु पोर्टल पर आवेदन जनसेवा केन्द्र के माध्यम से करें। परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने का प्रक्रिया व संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों का विस्तृत विवरण विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता हैं। साथ ही बिछियां स्थित सहायक निदेशक मत्स्य कार्यालय से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### सपा मुखिया ने शोभा यादव को प्रदेश कार्यकारिणी का सचिव नामित किया

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाने के नसीरपुर कत्थक निवासी इंजीनियर शोभा यादव को पूर्व मुख्यमंत्री व सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने प्रदेश कार्यकारिणी में सचिव नामित किया। जिससे लोगों में खुशी की लहर है। समाजसेवी श्याम लाल यादव, अनिल गुप्ता, रंगीला यादव, निखिल यादव, उदय यादव, रामअवध यादव लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। समाजसेवी श्याम लाल यादव ने कहा कि शोभा यादव को कार्यकारिणी का सचिव नामित होने से पार्टी काफी मजबूत हुई है।

### शत- प्रतिशत दिव्यांग क्षय रोगी को एक माह से नहीं मिल रही एमडीआर की दवा

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाने के हरदासपुर कला गांव निवासी अजय कुमार चौबे शत-प्रतिशत दिव्यांग व टीबी रोग से ग्रसित हैं। जिसमें सरकार के निर्देश के बाद टीबी रोगी को नि:शुल्क दवा देने का हर अस्पतालों को निर्देश दिया गया है, लेकिन एक माह से एमडीआर की दवा न होने से रोग और बढ़ने के कगार पर हैं। इस सिलसिले में दिव्यांग अजय कुमार चौबे ने उच्चाधिकारी को पत्र लिखकर बताया कि एक तरफ डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लगातार स्वास्थ्य बेहतर करने के लिए स्वास्थ्य महकमा को निर्देश दे रहे हैं, तो दूसरी तरफ देखा जाए तो सरकार की नि:शुल्क मिलने वाली टीबी एमडीआर की दवा एक महीने से जखनियां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सदर अस्पताल का चक्कर लगा रहे हैं। चिकित्सक यही बोल रहे हैं कि उच्चाधिकारियों को आप सूचना दें, तभी दवा मिल पाएगी।

# न्यायालय व मुख्यालय के लिए जारी रहेगी अधिवक्ताओं की लड़ाई

**केटी न्यूज/चंदौली**



जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण का आंदोलन अनवरत 75वें दिन बुधवार को भी जारी रहा। इस दौरान सर्वप्रथम अधिवक्ताओं ने राष्ट्रगान के बाद चंदौली कचहरी परिसर का चक्रमण किया और चंदौली के जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही जिला न्यायालय व जिला मुख्यालय के निर्माण व विकास को तीव्रगति से पूरा किए जाने की पुरजोर मांग की। संघर्ष समिति के कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि आंदोलन को अनवरत जारी रखकर अधिवक्ताओं ने बता और जता दिया कि वे संगठित हैं, सशक्त हैं और चंदौली की प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है। यही वजह है कि तमाम राजनीतिक व प्रशासनिक दबाव के बावजूद अधिवक्ता अडिग रहे। आह्वान किया कि चंदौली की जनता अधिवक्ताओं के हौसले व उत्साह को बढ़ाने के लिए पदयात्रा निरंतर आगे बढ़ रही है।

इस दौरान सत्येंद्र कुमार बिंद ने कहा कि अधिवक्ताओं ने बीते आठ सितंबर को चंदौली से दिल्ली पदयात्रा करते लखनऊ पहुंच चुके हैं। इस दौरान बीच में सत्ता पक्ष के किसी भी नेता, विधायक व मंत्री ने सुधि नहीं ली और ना ही प्रशासन ने ही मांगों को पूरा करने के प्रति तत्परता दिखाने का काम किया। जबकि अधिवक्ता पूरे चंदौली के विकास की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस प्रकार की निष्क्रियता उनकी नाकामी को प्रदर्शित करती है। योगेंद्र सिंह ने कहा कि अधिवक्ता चंदौली व चंदौलीवासियों के सम्मान, हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं। प्रशासनिक व राजनीतिक उपेक्षा व शिथिलता के कारण चंदौली को विकास से दूर रखा गया। तमाम प्रयास व संघर्ष के बावजूद राजनेता व अधिकारी स्थानीय जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। कहा कि यदि जल्द न्यायालय व जिला मुख्यालय के निर्माण को लेकर ठोस पहल नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसके लिए पूरी तरह से स्थानीय प्रशासन व सत्ता पक्ष के नेता व जनप्रतिनिधि जिम्मेदार होंगे।

### मेरी माटी मेरा देश व 'माटी को नमन' कार्यक्रम गांधी पार्क आमघाट में आयोजित

# देश के ऊपर आए संकट में वीरों ने दिया अपना सर्वोच्च बलिदान : सरिता

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



मेरी माटी मेरा देश, 'माटी को नमन' तथा 'वीरों का वंदन' कार्यक्रम गांधी पार्क आमघाट गाजीपुर में भव्यता के साथ आयोजित किया गया।सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के मूर्ति पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण किया गया। पार्क में शहीदों की स्मृति में स्थापित शिला फलकम को नमन के साथ दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका परिषद गाजीपुर की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि यह धरती बलिदानियों की धरती है। देश के ऊपर आए हर संकट में यहां के वीरों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। अपने सीने पर हंसते-हंसते गोलियां खा ली, लेकिन तिरंगे को झुकने नहीं दिया। सेना का सर्वोच्च सम्मान 1965 के भारत-पाक युद्ध में यही के वीर अब्दुल हमीद को एवं भारत पाक युद्ध 1971 में महावीर चक्र शहीद राम उग्रह पांडेय को मिला। हम यहां के सभी शहीदों की शहादत को सलाम करते हैं। इस मौके पर सभी को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई।

गाजीपुर के भाजपा ` जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम पूरे देश में समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। शहीदों की याद में उनके गांव में शिला फलकम का निर्माण किया जा रहा है। जिनकी वीरता को वहां के लोग याद करेंगे एवं भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्र बिंदु होगा। गाजीपुर से नेहरू युवा केंद्र एवं युवा कल्याण विभाग के 96 युवा कलश में पवित्र मिट्टी के साथ प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 27 को तथा देश की राजधानी दिल्ली में कर्त्तव्य पथ पर 30 अक्टूबर को आयोजित समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने सभी का आवाह्न किया कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में कोई भी घर न छूटे। प्रत्येक घर से अमृत कलश में यहां की पवित्र मिट्टी को संग्रहित करें तथा शहीदों का नमन करें। यह सभी का नैतिक एवं राष्ट्रीय दायित्व है। इस अवसर पर 2010 में दंतेवाड़ा में सीआरपीएफ के शहीद जवान सत्राजीत राम के भाई माथुरराम को, सन 1965 में जम्मू कश्मीर में सेना के शहीद जवान राम लखन सिंह की पत्नी शांति देवी, 2019 में अनंतनाग में सीआरपीएफ के शहीद जवान महेश सिंह की पत्नी निर्मला देवी, 1999 के कारगिल युद्ध में द्रास सेक्टर में सेना के शहीद जवान शेषनाथ के भतीजा प्रवीण कुमार, सन 1962 के भारत - चीन युद्ध में शहीद जवान रामनारायण राय की पत्नी मालती राय, 2016 में जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों से मुठभेड़ में शहीद जवान मनोज कुशवाहा की माताजी शीला देवी, 2001 में असम में सीआरपीएफ के शहीद जवान कैलाश यादव की पत्नी वृंदा यादव को सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान नेहरू युवा केंद्र गाजीपुर के प्रसिद्ध भोजपुरी गायक जावेद अहमद खान एवं बैजनाथ इंटर कॉलेज गाजीपुर की बच्चियो द्वारा देशभक्ति आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम` प्रस्तुत किया गया।

### प्रभारी चिकित्साधिकारी ने डेंगू व मलेरिया से सतर्क रहने की दी सलाह

**चहनियां(चंदौली)।** चहनियां क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया व टायफाइड बीमारी तेजी से फैल रहा है । कस्बा सहित गांवो में लोग इस वायरल से प्रभावित हो रहे हैं। चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सहित निजी हॉस्पिटलों में लोग इलाज के लिए पहुच रहे हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रितेश कुमार ने लोगों को इससे सतर्क रहने की सलाह दी है। क्षेत्र में इन दिनों लोग तेजी से डेंगू व मलेरिया के चपेट में आ रहे हैं। आलम यह है कि चहनियां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर निजी हॉस्पिटलों में काफी मात्रा में मरीज इलाज के लिए पहुच रहे हैं। डेंगू के कारण पैर फूलने के भी मरीज दिख रहे हैं। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रितेश कुमार ने कहा कि डेंगू मच्छरों के काटने से बढ़ते हैं। इनसे बचने के लिए सबसे पहले सोने वाले स्थान पर मच्छर दानी लगायें। घरों में, टायर में, कूलर में आदि जगहों पर जमा पानी को साफ करें। गांवों में आसपास गढ्ढों में जमा पानी को भी साफ रखने का प्रयास करें। साफ सफाई का विशेष ख्याल रखें, जिससे मच्छर पनप न पायें। टायफाइड गंदा पानी पीने से फैलता है। इस मौसम में ज्यायदातर ये बीमारी फैलती है।

## केंद्रीय मंत्री ने कार्यकताओं के साथ की टिफिन बैठक



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

लोकसभा प्रवास योजना के अंतर्गत 376 विधानसभा जंगीपुर के बिरनो मंडल के शक्तिकेन्द्र बिरनो के गोपालपुर गाँव में सन्त गोपाल स्वामी दास इण्टर कॉलेज में टिफिन बैठक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रवास पर आई मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला महामंत्री दयाशंकर पाण्डेय, प्रवीण सिंह, अवधेश राजभर, जिला कोषाध्यक्ष अच्छेलाल गुप्ता, विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रामनरेश कुशवाहा, विधानसभा संयोजक मनोज सिंह, विधानसभा प्रभारी अजय उपाध्याय, विधानसभा विस्तारक दुर्गेश तिवारी, विधानसभा मीडिया संयोजक प्रमोद राय, सोशल मीडिया संयोजक अमित तिवारी, मण्डल अध्यक्ष मन्नू राजभर, राजेश चौहान,धर्मेन्द्र कुशवाहा, ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह, संकठा प्रसाद मिश्रा, आशुतोष चतुर्वेदी, रंजू शर्मा, अविनाश सिंह, नीतीश दूबे व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं लाल बहादुर पाण्डेय के आवास पर विधानसभा चुनाव संचालन टोली कोर ग्रुप की बैठक केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी व जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने संठनात्मक चर्चा कर योजना रचना बनाई। जिसमें जिला महामंत्री द्वय अवधेश राजभर व प्रवीण सिंह, संयोजक मनोज सिंह, प्रभारी अजय उपाध्याय, विस्तारक दुर्गेश तिवारी, ब्लॉक प्रमुख राजन सिंह विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

### खेलकूद समारोह का आयोजन

**गाजीपुर।** एकल अभियान अभ्युदय यूथ क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय संच स्तरीय खेल-कूद समारोह का आयोजन सुहवल इंटर कालेज के खेल मैदान पर आयोजित किया गया ।बालिका वर्ग के सौ मीटर में रेवतीपुर की प्रिति कुमारी जबकि बालक वर्ग में सब्बलपुर के समीत बोल्ट ने प्रथम स्थान हासिंल किया।

इस प्रतियोगिता में रेवतीपुर के खिलाड़ियों ने अपनी क्षमता का परचम खेल के हर क्षेत्र में लहराया ।मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी कृष्णानंद राय ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया ।सौ मीटर दौड के बालिका वर्ग में प्रिति कुमारी प्रथम, आरती द्वितीय इसी तरह बालक वर्ग में सुमित बोल्ट प्रथम, राजकुमार द्वितीय जबकि चंद्रमा चौहान को तीसरे स्थान से संतोष करना पडा। 200 मीटर बालक वर्ग में प्रीतम कुमार, कमलेश द्वितीय, इसी तरह बालिका वर्ग में आरती यादव प्रथम, प्रिति द्वितीय जबकि वर्तिका को तीसरा सका। मिला। 400 मीटर बालक वर्ग में अश्वनी प्रथम, अजय द्वितीय, भोला यादव तीसरे स्थान पर रहे।

## ऐस्टीमेट बनाने में किसी तरह की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं : डीडीओ

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

रेवतीपुर ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार की दोपहर बाद डीडीओ (जिला विकास अधिकारी) सुबाष चंद सरोज ने अतिरिक्त खंड विकास अधिकारी का पदभार संभाला, इसके तुरंत बाद उन्होंने पूरे परिसर, आफिस, अभिलेखों का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मातहतों संग बैठक कर शासन की ओर से चलाई जा रही विभिन्न तरह की विकास योजनाओं के बारे जानकारी हासिंल करते हुए पंचायत सचिवों की पेंच कसते हुए कहा कि तय समय में सभी योजनाएं पूरी होने के साथ ही ऐस्टीमेट बनाने में किसी तरह की लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं होगी। निर्देश दिया कि गए कि निमार्णाधीन पंचायत भवन, अमृत सरोवर, परिषदीय विद्यालयों में कायाकल्प के तहत चल रहे कार्य,कूडा निस्तारण केन्द्र, सीएम, पीएम आवास आदि का निर्माण समय से पूरा कराने के साथ ही जिओ टैगिंग कराएं और मनरेगा के तहत श्रमिकों के आधार को लिंक कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में स्थित गौशालाओं में जानवरों का बेहतर रखरखाव, उन्हें चारा, टीकाकरण, विटामिन्स समय से दिया जाए साथ ही उन्हें शुद्ध पेयजल की भी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

**गावों में साफ,सफाई भी समय समय पर सुनिश्चित हो।** उन्होंने कहा कि पौधरोपण अभियान में कोई लापरवाही न बरतें लगाने के बाद इनका संरक्षण भी सुनिश्चित हो । साथ ही उन्होंने सभी कर्मचारियों को हिदायत दिया कि कार्यालय में निर्धारित समय पर उपस्थित हों।डीडीओ ने चेताया कि जो भी लंम्बित प्रकरण है उन्हें अविलंब दूर कर लिया जाए। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत अशोक यादव, लेखाकार जयशंकर प्रधान, वरिष्ठ सहायक व उर्द अनुवादक शीश अहमद नियाजी,सचिव आलोक कुमार, शशि प्रकाश राय, रोहित कुमार, विनीत राय, रजनीकांत, सुधिर सिंह, मीनू राय, सरोज सिंह आदि मौजूद रहे।

### सामाजिक परिदृश्य में युवाओं की भूमिका एवं रणनीति विषय पर युवा सम्मलेन में गाजीपुर भी शामिल

# युवा ही हैं हमारे देश का भविष्य: मयंक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

कासा, लखनऊ द्वारा सामाजिक परिदृश्य में युवाओं की भूमिका एवं रणनीति विषय पर एक युवा सम्मलेन का आयोजन किया गया। वाराणसी नगर के सिन्धौरा रोड स्थित अंजली सभागार में आयोजित इस युवा सम्मलेन में जनपद गाजीपुर, सोनभद्र, वाराणसी और जौनपुर के दलित व वंचित समुदाय के लगभग 150 युवाओ एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

सम्मलेन का शुभारम्भ कासा प्रतिनिधि मयंक कुमार द्वारा उपस्थित सभी वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के स्वागत के साथ किया गया। अपने उद्बोधन में मयंक द्वारा इस युवा सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि इस युवा सम्मेलन का आयोजन समाज की मुख्य धारा से कटे दलित व वंचित समुदाय की युवा शक्ति को उनके अधिकारों एवं उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक कर समाज के विकास की मुख्य धारा में समायोजित करने के लिए उचित दिशा प्रदान करना है।

उन्होंने कहा की युवा ही हमारे देश का भविष्य है और आज की युवा शक्ति में ही वह ताकत है की वह सामाजिक परिवर्तन लाकर समाज में भेदभाव एवं गैरबराबरी का खात्मा कर एवं बाबा साहव अम्बेडकर के सपनों के समतामूलक समाज की स्थापना कर सकती।

युवा सम्मेलन के इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में सामाजिक चिन्तक श्री नंदलाल मास्टर जी ने दलित, वंचित समाज की स्थिति एवं चुनौतियों परअपने विचार साझा करते हुए समाज में व्याप्त असमानता एवं उसके कारको पर प्रकाश डाला तथा चुनौतियों के समाधान पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। युवा विषयों के जानकार मोहम्मद मूसा आजमी ने प्रदेश की युवा नीति, देश की शिक्षा नीति एवं वर्तमान समाज में युवा की भूमिका एवं जबाबदेही के विषय पर अपनी बात रखते हुए युवाओं के समक्ष वर्तमान युवा नीति, उसके प्रारूप एवं उसकी विशेषताओं को बखूबी प्रस्तुत किया। साथ ही युवाओं की उनके समाज के प्रति किस प्रकार की भूमिका होनी चाहिए इस पर भी युवाओ का मार्ग दर्शन किया।सम्मेलन के उत्तरोत्तर क्रम में मुख्य वक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता रंजू सिंह ने युवाओं के नैतिक मूल्य एवं चरित्र निर्माण पर अपने विचार प्रस्तुत कर युवाओं को सही मार्ग दर्शन प्रदान किया। साथ ही साथ मनीष कुमार एवं लक्ष्मीकांत तिवारी ने युवाओं में स्वरोजगार की भावना जाग्रत कर दलित वंचित समाज के युवाओं को श्रमजीवी से उद्यमिता की और अग्रसर होने के लिए जागरूकता एवं जानकारी प्रदान की। जागरूकता के इसी क्रम में दोनों वक्ताओं द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम, स्टार्ट अप इण्डिया, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, युवा उद्यमिता विकास कार्यक्रम, एमएसएमई तथा एनआरएलएम के कार्यक्रमों सहित युवाओं के रोजगार विकास के लिए अन्य उपलब्ध कार्यक्रम एवं योजनाओं पर भी चर्चा कर उनकी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा रोजगार के क्षेत्र में किए गए विशेष प्रयासों एवं उनके सफल परिणामों के साक्ष्य के रूप में कई लघु उद्यमियों को प्रस्तुत किया। युवाओं ने मंच से अपनी बात रखते हुए पिछड़े युवाओं की रूचि उनकी आवश्यकताएं एवं उनके लिए उपलब्ध सीमित विकल्पों के साथ-साथ सम्मान एवं पहचान के लिए अपने संघर्ष एवं अनुभवों को सबके सामने रखा।

### मादक पदार्थों के तीन, गो तस्करी के दो आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

चंदौली।इलिया पुलिस ने गैंग बनाकर अंतर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने के मामले में तीन आरोपितों तथा गौ तस्करी के मामले में दो आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी का गैंग लीडर रतन राजभर बिहार प्रांत से अवैध मादक पदार्थ लाकर उत्तर प्रदेश के चंदौली तथा वाराणसी जिला के आसपास अपने साथी वैभव कुमार सिंह सत्य प्रकाश सिंह के साथ तस्करी करता था। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने गैंग लीडर रतन राजभर तथा उसके साथी वैभव कुमार सिंह व सत्य प्रकाश सिंह को उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई किया है।

## एक नजर

### बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए कसरत कराते हैं स्काउट-गाइड के प्रशिक्षक



**चंदौली।** भारत स्काउट और गाइड की ओर से चल रहे स्थानीय रमन पब्लिक स्कूल नेगुरा चंदौली में पांच दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्काउट गाइड प्रशिक्षुओं ने गांठ-फांस के साथ शरीर को स्वस्थ रखने हेतु वीपी सिक्स कसरतों को सीखा। इसके अलावा प्रशिक्षण द्वारा दी गई साधारण ड्रील के बारे में जानकारी हासिल की। वही बुलबुल ने मोगली की प्रेरणास्पद एपिसोड भाग 1 देखा और यूनिटी के महत्व को जाना। शिविर संचालक सैय्यद अली अंसारी एवं महेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक पन्नालाल पाण्डेय, डायरेक्टर प्रणव पांडेय, प्रधानाचार्य शिव कुमार उपस्थित रहे।

### पशु चिकित्सा अधिकारी को दी भावभीनी विदाई



**गाजीपुर।** सेवराई तहसील अंतर्गत राजकीय पशु चिकित्सालय परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. फखरुद्दीन अंसारी को गैर जनपद स्थानांतरण होने पर माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देते हुए भावभीनी विदाई दी गई। इस संबंध में पशुमित्र संजय कुशवाहा ने कहा कि डॉ. फखरुद्दीन अंसारी बहुत ही मिलनसार एवं मृदुल स्वभाव के रहे हैं। इनके कार्यकाल के दौरान सभी पैरावेट (पशुमित्र) किसी भी मामले में बेधड़क इनसे सलाह मशविरा करते थे। इनके द्वारा भी उन्हें बेहतर मदद दी जाती थी। शासनादेश के क्रम में इनका स्थानान्तरण गैर जनपद यूपी के गोरखपुर में हुआ है। राजकीय पशु चिकित्सालय भदौरा पर आज एक सम्मान समारोह का आयोजन करते हुए उन्हें विदाई दी गई। साथी कर्मचारियों ने उन्हें माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह देकर विदाई दिया। इस मौके पर डॉ. आनंद कुमार, फार्मासिस्ट सुभाष चंद्र गुप्ता, पशु मित्र तेज नारायण, हरिश्चंद्र, जाकिर, बबलू, मिथिलेश, शोभनाथ, हिमांशु गुप्ता, रमेश पाठक, संजय कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**चंदौली।** सदर कोतवाली क्षेत्र सिरसी गांव के समीप नेशनल हाईवे पर बुधवार को दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गयी। इस घटना में बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर जुटे आस पास के लोगों ने तत्काल दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने एक की हालत चिंताजनक देख वाराणसी के लिए रेफर कर कर दिया। बताते हैं कि क्षेत्र के बिसौरी गांव निवासी राजू 25 वर्ष व अनरमा 25 वर्ष चंदौली से अपने गांव जा रहे थे। जैसे ही दोनों सिरसी गांव के समीप पहुचे की विपरीत दिशा से आ रहा एक बाइक सवार उनकी बाइक में टक्कर मार दिया। घटना में दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए, वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

### पर्यटन क्लब के सदस्य शैक्षिक भ्रमण पर रवाना

**चंदौली।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर बुधवार को युवा पर्यटन क्लब चंदौली के सदस्यों का शैक्षणिक भ्रमण वाहन को जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक व जिला पर्यटन अधिकारी नितिन द्विवेदी मौजूद रहे।

### पुलिस लाइन सभागार में पैरोकारों संग बैठक

**चंदौली।** अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय कुमार सिंह ने ऑपरेशन कनविक्शन के सम्बन्ध थानों पर तैनात पैरोकारों संग बैठक की। इस दौरान शांति व कानून व्यवस्था सहित अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभारी मानिटरिंग सेल, डीसीआरबी व सम्मन सेल भी उपस्थित रहे। अपराध एवं अपराधियों पर कठोर कार्यवाही हेतु प्रभावी पैरवी करते हुए महिलाओं व बच्चियों से सम्बन्धित अपराधों में सम्मिलित अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही एएसपी ने सनसनीखेज वारदात जैसे-हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करी में शामिल अपराधियों के जमानत पर बाहर आने की सूचना तत्काल सम्बन्धित को देने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे उन पर सतर्क दृष्टि रखी जा सके। शासन द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्सन अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय चिन्हित अपराधों के वादों की प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने, पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप थाना स्तर के टॉप टेन व हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त की हत्या के प्रयास व आयुध अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत अभियोग में जमानत हेतु दिये गये प्रार्थना पत्रों की सूचना सम्बन्धित को देते हुए जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही कराई जाए। उक्त के साथ-साथ अन्य विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



### पेयजल पाइप क्षतिग्रस्त होने से 100 घरों की आपूर्ति बाधित, आक्रोशितों ने किया प्रदर्शन



**अलीनगर(चंदौली)।** सकलडीहा मोड़ के पास पिछले दिनों गेल गैस कंपनी द्वारा काम करते समय पेयजल सप्लाई की पाइप क्षतिग्रस्त हो जाने से लगभग 100 घरों में पानी नहीं पहुंचने से आक्रोशित वार्ड वासियों ने जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया।अलीनगर सकलडीहा मोड़ के पास वार्ड नंबर 9 मुगलचक में एक सप्ताह पूर्व गेल गैस कंपनी के कर्मचारियों द्वारा गड्ढा खोदकर काम करते समय पेयजल सप्लाई की पाइप क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे लगभग 100 घरों में एक सप्ताह से पानी नहीं पहुंचने से पेयजल के लिए वार्डवासियों में हाहाकार मचा हुआ है। पानी के लिए लोग इधर-उधर भटक रहे हैं। शिकायत के बाद भी क्षतिग्रस्त पाइप का मरम्मत नहीं किए जाने से आक्रोशित पूर्व सभासद प्रतिनिधि शिव शंकर शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों वार्डवासियों ने सकलडीहा मोड़ के पास पहुंचकर जमकर हंगामा व प्रदर्शन किया। चेताया कि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम वार्डवासी सड़क पर उतरने को बाध्य देंगे। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से मनोज, इम्तियाज, राजेश, बृजेश, विकास, द्वारिका, गोलू, बबलू, संतोष, सेराज सहित तमाम वार्डवासी शामिल रहे।